तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 305 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 06 अगस्त 2025 डाक 07 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा

आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं की कटौती, 5.5 फीसदी पर ही रहेगी बरकरार

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

आरबीआई ने रेपो रेट में कोई कटौती नहीं की है। इससे पहले लगातार 3 बार आरबीआई ने रेपो रेट घटाई थी। इस बार रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर ही बरकरार रखा गया है। इसका मतलब है कि जिन लोगों ने लोन ले रखा है, उनकी EMI भी नहीं घटेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर आरबीआई के रेपो रेट घटाने पर ही बैंक लोन दरों में कटौती करते हैं जिससे EMI भी कम हो जाती है। रेपो रेट वो दर होती है, जिस पर आरबीआई कमर्शियल बैंकों को लोन देता है। ये लोन छोटी अवधि के लिए होते हैं। RBI ने नीतिगत रुख तटस्थ रखा है। आरबीआई गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा कि कोर मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के आसपास स्थिर है, जबकि ग्रामीण उपभोग अस्थिर है। वित्त वर्ष 26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति (खुदरा महंगाई) 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 27 के

लिए खुदरा महंगाई 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि चालू वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी ग्रोथ का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कंम हो गई हैं, लेकिन टैरिफ से वैश्विक व्यापार पर दबाव बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आरबीआई एमपीसी बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा, पहली तिमाही में मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट और बढ़ गया है।

उन्होंने आगे कहा, पिछली एमपीसी बैठक के बाद से सिस्टम लिक्विडिटी सरप्लस में रही है । यह पिछले दो महीनों के दौरान 1.6 लाख करोड़ रुपये प्रतिदिन की औसत सिस्टम लिक्विडिटी के उलट है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली बैठक के बाद घोषित 100 सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो) में कटौती से लिक्विडिटी की स्थिति में और सुधार होगा।

चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने दी राहुल गांधी को जमानत

इस मामले में बरी हुए विपक्ष के नेता

चाईबासा, 06 अगस्त [एजेंसी]।

झारखंड के चाईबासा एमपी एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमानत दे दी है। झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में छह अगस्त को चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश जारी किया था। कोर्ट ने राहुल गांधी से उनके खिलाफ आप द्वारा दर्ज मामले को लेकर सवाल किया, जिसके जवाब में राहुल गांधी ने साफ कहा कि मैंने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की है। इसके बाद कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए मामले का नियमित संचालन करने का आदेश भी दिया और आगे की गवाही आदि शुरू करने का निर्देश दिया। करीब 15 मिनट तक एमपी एमएलए कोर्ट में रहने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी सीधे टाटा कॉलेज में बने हेलीपैड पहुंचे और वहां से रांची के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चाईबासा के एमपी एमएलए कोर्ट के 2 जून 2025 के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें उन्हें 26 जून को पेश होने का निर्देश दिया गया था। राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि उनके मुवक्किल उस दिन पेश नहीं हो पाएंगे और इसके बजाय उन्होंने हाईकोर्ट से गांधी को चाईबासा कोर्ट में पेश होने के लिए 6 अगस्त के बाद की तारीख देने का अनुरोध किया। हाईकोर्ट ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया। राहुल गांधी ने पहले अपनी याचिका में उल्लेख किया था कि उन्होंने मामले के इस चरण में चाईबासा अदालत में पेश होने से छूट की मांग करते हुए पहले ही याचिका दायर की है। गांधी की याचिका में कहा गया था कि पेशी से छूट की याचिका हाईकोर्ट में लंबित है। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें 6 अगस्त को चाईबासा एमपी एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था ।

ऑक्सीजन प्लांट में जोरदार धमाका हादसे में दो लोगों की मौत और कई घायल

मोहाली। मोहाली औद्योगिक क्षेत्र के फेज- 9 की एक फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर में अचानक तेज धमाका हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उस समय हुआ जब कर्मचारी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। मृतकों की पहचान मोहाली निवासी आरिफ और देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है। इस हादसे में तीन से चार कर्मचारी घायल भी हुए हैं।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि घायलों को अस्तपाल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के पीछे की वजह को लेकर जांच जारी है। इस फैक्ट्री में सिलेंडर में ऑक्सीजन गैस की रिफिल होती है। जिसके बाद ये सिलेंडर पंजाब के कई अस्पतालों में सप्लाई किए जाते हैं। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

बिहार मतदाता सूची विवादः विपक्ष का संसद के बाहर जोरदार प्रदर्शन, प्रियंका बोलीं- चर्चा से क्यों डर रही सरकार

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 13वें दिन बुधवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और बड़े पैमाने पर नाम हटाने के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई सांसदों ने हाथ में बैनर लिया, जिस पर लिखा था द एसआईआर डिमांड डिस्कशन, नॉट डेलिटेशन यानी

हटाओ नहीं, चर्चा करो।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि क्या सरकार इतनी कमजोर हो गई है कि न संसद चला पा रही है और न ही अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर जवाब दे पा रही है। उन्होंने कहा कि हम तो सिर्फ चर्चा की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर इसी मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने भी संसद परिसर में प्रदर्शन किया। उनके हाथों में बंगाल का अपमान बंद करो जैसे संदेशों वाले पोस्टर थे।

दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून में 11 ठिकानों पर छापा

साइबर धोखाधड़ी मामले में एक्शन



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को वैश्विक साइबर धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून स्थित 11 परिसरों में तलाशी अभियान चला रहा है। सीबीआई और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की गई है।

गंगोत्री हाईवे पर नदी पर बना पुल बहा, राहत और बचाव टीमें फंसीं, उत्तरकाशी पहुंचे सीएम धामी

उत्तरकाशी, 06 अगस्त [एजेंसी]।

गंगोत्री धाम का प्रमुख पड़ाव धराली खीर गंगा नदी में बादल फटने से आए सैलाब से तबाह हो गया, दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक आए सैलाब के चलते चारों और पसरा मलबा ही मलबा फैल गया। इस घटना में करीब 15 से 20 होटल व घरों को नुकसान की सूचना मिल रही है। जिला प्रशासन के अनुसार आपदा में चार लोगों के मौत की हो चुकी है। आपदा की सूचना पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, पुलिस, राजस्व, आपदा प्रबंधन आदि की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरु कर दिया है। धराली के ठीक सामने स्थिति मुखबा गांव से लोगों से खीर गंगा नदी में आए सैलाब मोबाइल में कैद किया, कुछ ही देर में जलप्रलय के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगे। सैलाब की दिल दहलाने वाले कई वीडियो सामने आए हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ ही पलों में पूरा इलाका मलबे से ढक गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। देहरादून व ऋषिकेश में ICU सहित बेड आरक्षित किए। मानसिक स्वास्थ्य पर भी फोकस, 03 मनोचिकित्सक धराली भेजे गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तरकाशी आपदा नियंत्रण कक्ष से राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष से राहत एवं बचाव कार्यों की गहन समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं सेना के प्रतिनिधियों से स्थिति की वस्तुनिष्ठ जानकारी प्राप्त की और उन्हें राहत कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रेस्क्यू एवं मेडिकल कैंप्स की स्थापना कर दी गई है तथा प्रभावितों के लिए भोजन एवं आवश्यक सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

एल्विश यादव के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक

यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी



नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने सांप के जहर से जुड़े मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने आरोपपत्र और आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली यूट्यूबर एल्विश यादव की याचिका पर यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस भी जारी किया।

नदी में गिरी कार, हादसे में तीन लोगों की मौत

शिमला 6 अगस्त । हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रोहड़ू क्षेत्र के चिड़गांव के अंतर्गत पब्बर नदी में एक कार गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। जानकारी के अनुसार, कार में चार लोग सवार थे। गौरतलब है कि हिमाचल में सुबह से ही बारिश का क्रम जारी है। आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी खराब मौसम में फिसलकर नदी में गिरी है। फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त वाहन को नदी से निकाला जा रहा है। पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत कल देर रात 12 बजे के करीब एचआर 02आर 8912 ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। कार में चार युवक सवार थे, जिनमें तीन की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला, जिसका नागरिक अस्पताल, रोहड़ू में इलाज जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल रोहड़ू पहुंचाया गया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को पब्बर नदी से क्रेन की मदद से पुलिस की मौजूदगी में बाहर निकाला गया।

ऊपर पुल और नीचे नदी, बीच में लटके शख्स का खतरनाक स्टंट देख भड़के लोग



गुवाहाटी 6 अगस्त। असम में लोहित नदी पर बना है देश का सबसे लंबा ब्रिज - डॉक्टर भूपेन हजारिका सेतु। वैसे तो यह पुल अपने खूबसूरत नजारों के लिए मशहूर है। मगर, इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पुल से लटकर पुश-अप्स लगाते दिखाई दे रहा है। असम के तिनसुकिया जिले में बना यह पुल 9 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा है, जो ढोला को सादिया से जोड़ता है। लोहित नदी ब्रह्मपुत्र नदी की मुख्य उपनदी है। वहीं, भारी बरसात के कारण नदी अपने पूरे उफान पर है। ऐसे में पुश-अप्स लगाते हुए शख्स के वीडियो ने सभी को हैरान कर दिया है।

15 लाख का इनामी नक्सली पुलिस मुठभेड़ में ढेर, हथियार बरामद

गुमला-रांची, 06 अगस्त [एजेंसी]।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान में झारखंड पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो और 15 लाख के इनामी नक्सली मार्टिन केरकेट्टा को पुलिस ने गुमला जिले में मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ में मार गिराया है। मार्टिन पिछले दो दशकों से गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और रांची जिले में आतंक का पर्याय बना हुआ था। वह 70 से भी अधिक हिंसक और नक्सली वारदातों में वांटेड था। गुमला एसपी हरिश बिन जमा को इनपुट मिला था कि मार्टिन के साथ नक्सलियों का एक हथियारबंद दस्ता कामडारा थाना क्षेत्र के चंगाबाड़ी ऊपरटोली में एक कारोबारी से लेवी (रंगदारी) वसूली के लिए पहुंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और इलाके की घेराबंदी शुरू की। पुलिस को अपनी ओर आता देख मार्टिन और उसके साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मार्टिन मौके पर ही मारा गया। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं। ऑपरेशन में गुमला जिले की एंटी नक्सली क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) और दो थाना क्षेत्रों की पुलिस शामिल थी। मार्टिन के मारे जाने के बाद इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मार्टिन केरकेट्टा मूल रूप से कामडारा के रेड़मा गांव का निवासी था। वह पीएलएफआई के पूर्व प्रमुख दिनेश गोप का बेहद करीबी था और शुरुआती दिनों से ही संगठन से जुड़ा हुआ था।

दो वर्ष पूर्व दिनेश गोप की नेपाल से गिरफ्तारी के बाद मार्टिन को संगठन की कमान सौंपी गई थी। मार्टिन पीएलएफआई की केंद्रीय समिति का सदस्य भी था और लेवी वसूली सहित कई उग्रवादी घटनाओं में संलिप्त था। इसके पहले भी वह दो-तीन बार पुलिस के साथ मुठभेड़ में बच निकलने में सफल रहा था। एसपी हरिश बिन जमा ने मीडिया से कहा, गुमला पुलिस की कार्रवाई में 15 लाख का इनामी पीएलएफआई सुप्रीमो मार्टिन केरकेट्टा मारा गया है। यह नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता है।

अब हिंदी बोलूं... एक्ट्रेस काजोल के बयान से मचा बवाल, मराठी भाषा विवाद से जुड़े तार



नई दिल्ली। 90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस काजोल अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपना 51वां जन्मदिन मनाया है। इस खास में होगी पर वह एक इवेंट में शामिल हुईं और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान काजोल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस वीडियो में हिंदी भाषा में न बोलने को लेकर बात करती दिखाई दे रही है। इसके बाद उनकी काफी आलोचना की जा रही है और हिंदी में बात न करने को लेकर एक्ट्रेस को ट्रोल भी किया जा रहा है। आइए जानते हैं यह पूरा मामला क्या है और क्यों काजोल ने हिंदी में बात करने से इनकार कर दिया है। काजोल हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जो किसी भी मुद्दे पर दबंग अंदाज से अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मुझे नहीं पता... जांच करूंगा, रूसी आयात पर भारत ने अमेरिका को दिखाया आईना, ट्रंप का गोलमोल जवाब

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्हें रूस से रासायनिक पदार्थों और उर्वरकों के आयात की कोई जानकारी नहीं है। यह बयान तब आया जब भारत ने दावा किया कि अमेरिका अपनी परमाणु और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योगों के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है। ट्रंप का यह जवाब उस वक्त आया जब व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान न्यूज एजेंसी एएनआई ने उनसे इस बारे में सवाल किया। ट्रंप ने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। हमें इसे जांचना होगा। राष्ट्रपति ट्रंप की प्रेस टीम से संपर्क किया है और जवाब का इंतजार है। यह बयान उस वक्त सामने आया जब एक दिन पहले ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर तीखा हमला बोला था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत न केवल रूस से भारी मात्रा में तेल खरीद रहा है, बल्कि इसे खुले बाजार में मुनाफे के लिए बेच भी रहा है। उन्हें यूक्रेन में रूसी युद्ध मशीन से मरने वाले लोगों की कोई परवाह नहीं। इसलिए मैं भारत पर अमेरिका को दी जाने वाली टैरिफ में भारी बढ़ोतरी करूंगा। इस पर ध्यान देने के लिए शुक्रिया। भारत ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने इसे अनुचित और अतार्किक करार दिया। भारत ने कहा कि उसका रूस से आयात बाजार की जरूरतों और ऊर्जा सुरक्षा पर आधारित है, खासकर तब जब पश्चिमी देशों ने यूक्रेन संकट के बाद अपनी पारंपरिक आपूर्ति यूरोप की ओर मोड़ दी। भारत ने अपने बयान में कहा, हमने रूस से आयात इसलिए शुरू किया क्योंकि पारंपरिक आपूर्ति यूरोप की ओर मोड़ दी गई थी। उस वक्त अमेरिका ने भारत को वैश्विक ऊर्जा बाजारों की स्थिरता के लिए ऐसा करने को प्रोत्साहित किया था।

टीएस सिंहदेव के घर से हाथी की मूर्ति चोरी

सरगुजा, 06 अगस्त [एजेंसी]।

पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव के घर को चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने आंगन में लगी पीतल से बनी हाथी की मूर्ति पर हाथ साफ कर के फरार हो गए हैं. कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठीघर कैंपस में कल रात को चोरो ने धावा बोल दिया. चोरों ने आंगन में लगी 15 किलो वजनी पीतल से बनी हाथी की मूर्ति को चोरी कर लिया और फरार हो गए. घटना के बाद थाने में इसकी शिकायत की गई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मार्केट की सुधरेगी दशा- खुले में नहीं होगा अब नानवेज का विक्रय

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोन अंतर्गत स्थित परसाभांठा नानवेज मार्केट भवन की दशा तत्काल सुधरेगी, वहाँ की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर बाहर खुले में लगने वाली नानवेज की दुकानों को वहाँ पर शिफ्ट किया जाएगा, अब खुले में सड़क के किनारे नानवेज की दुकानें नहीं लगेंगी एवं खुले में मांस मछली का विक्रय नहीं किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने परसाभांठा बाजार स्थित नानवेज मार्केट की बिल्डिंग का निरीक्षण किया, वहाँ पर आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कर बाहर खुले में लगने वाली नानवेज दुकानों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

आयुक्त आशुतोष पांडेय अपने नियमित शहर भ्रमण के दौरान प्रातः लगभग 7.30 बजे बालको नगर पहुंचे, उन्होने बालको के परसाभांठा, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर वहाँ की समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं का जायजा लिया एवं समस्याओं के तत्काल निराकरण के साथ-साथ जनआवश्यकता के मद्देनजर आवश्यक विकास व निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पांडेय ने परसाभांठा बाजार स्थित निगम के नानवेज मार्केट भवन का सघन रूप से निरीक्षण किया द्य नगर निगम आयुक्त श्री पांडेय ने नेहरूनगर कैलाशनगर सहित अन्य बस्तियों में भ्रमण के दौरान एस.एल.आर.एम. सेंटर के समीप नाली के निर्माण, स्लैब के निर्माण व पूर्व निर्मित नाले को कवर्ड करने के निर्देश दिए। वहीं कैलाशनगर बस्ती में नाली निर्माण, सड़क का चौड़ीकरण व पेवर ब्लाक लगाने, नेहरूनगर मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे स्थित शासकीय भूमि पर उद्यान के निर्माण, वहाँ पर स्थित सार्वजनिक शेड का मरम्मत सुधार व पेटिंग किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कैलाशनगर उचित मूल्य की दुकान के सामने आम रास्ता पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।आयुक्त श्री पांडेय ने नेहरूनगर स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया, वहाँ पर व्याप्त अव्यवस्था पर उन्होने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा सेंटर सुपरवाईजर को कड़ी हिदायत दी कि वे 03 दिवस के अंदर सेंटर की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें तथा सेंटर में कचरे के प्रबंधन एवं वहाँ पर संचालित गतिविधियों में आवश्यक सुधार लाएं अन्यथा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने सेंटर में खड़े सफाई रिक्शें की तत्काल मरम्मत कराए जाने एवं सेंटर के बाहरी व भीतरी सभी व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए द्य भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडेय परसाभांठा बाजार एवं बस्ती, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों व मोहल्ले की सकरी गलियों में पहुंचकर वहाँ किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो व डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया।इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, पार्षद व नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा व एम.एल. बरेठ, उप जोन प्रभारी संजय सिंह ठाकुर, देवव्रत आदित्य, संतोष साहू, अवधराम लहरे, रामकुमार राठौर आदि के साथ जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जेल से फरार चार कैदियों में दो पकड़ाए

कोरबा। जिला जेल से सनसनीखेज तरीके से 25 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार हुए 4 बंदियों में से दो को रायगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से ही पुलिस अलर्ट मोड पर थी और लगातार इन फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार बंदियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए बेहद सुनियोजित प्लान तैयार किया था। मोबाइल लोकेशन के जरिये पुलिस को गुमराह करने की साजिश रची गई। इसके तहत एक अन्य व्यक्ति को राज्य से बाहर भेजा गया और उसे निर्देश दिए गए कि वह लगातार बंदियों के परिजनों से बात करता रहे, ताकि पुलिस की निगाहें भटकाई जा सकें।प्लान लगभग सफल भी हो गया था। एक पुलिस टीम तो उस व्यक्ति की तलाश में राज्य से बाहर तक पहुंच गई थी। लेकिन कुछ तकनीकी सुराग और संदेह के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच की दिशा बदली। नाकेबंदी, सीसीटीवी फुटेज और लगातार निगरानी के चलते अंततः राजा कंवर और एक अन्य बंदी को रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। इस पूरे मामले में लापरवाही सामने आने पर कोरबा जिला जेल के जेलर समेत तीन जेल प्रहरियों को सस्पेंड कर दिया गया है। बाकी फरार कैदियों की तलाश अब भी जारी है।

डीपीएस बालको के एनसीसी कैडेट्स ने सीएटीसी कैंप रायपुर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोरबा कोरबा जिले में संचालित डीपीएस बालको की एनसीसी इकाई के 5 विद्यार्थियों (जूनियर डिवीजन से 5) 5 छात्राओं (जूनियर विंग से 5) एवं एनसीसी अधिकारी (एएनओ) अरूण कुमार श्रीवास ने 22 जुलाई से 31 जुलाई तक एनसीसी प्रषिक्षण नोड लाखोली, रायुपर में आयोजित सीएटीसी कैम्प (1 सीजी) में भाग लिया।सभी छात्रों ने कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के दौरान बहुत सी प्रतियोगिओं का आयोजन किया गया। इसमें सभी एनसीसी कैडेट्स को पदक, प्रमाणपत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। फायरिंग में स्पर्श गोयल (9सी), प्रियांष चतुर्वेदी, आषना पटेल, हिमानी निर्मलकर उम्दा प्रदर्शन कर पुरस्कृत हुए। रस्साकशी में सुमित मेहरोत्रा व नव्या साहू ने प्रथम स्थान, क्विज प्रतियोगिता में प्रियांश चतुर्वेदी द्वितीय स्थान, निबंध लेखन में नव्या साहु द्वितीय स्थान, एंकरिंग में अलभ्य उपाध्याय व एकल नृत्य में आद्या कौशिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी तरह ड्रिल प्रतियोगिता में कुल में कुल पांच कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिनमें आशना पटेल, हिमानी निर्मलकर, नव्या साहू, अलभ्या उपाध्याय, आद्या कौशिक शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश पवार ने सभी विद्यार्थियों एवं अरूण श्रीवास को शुभकामनाएं

एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए प्रेस क्लब में शिविर 11 से

कोरबा। अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) नंबर प्लेट लगवाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय कोरबा द्वारा तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर 11, 12 एवं 13 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रेस क्लब तिलक भवन में लगाया जाएगा। परिवहन विभाग के अनुसार, वाहन मालिक अपने वाहन की आरसी बुक और आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लाकर मौके पर निर्धारित शुल्क जमा करके एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा सकेंगे। विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं और अपने वाहन पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाकर सुरक्षित वाहन संचालन सुनिश्चित करें।

बालको इंटक का चुनाव संपन्न, रेड्डी फिर बनें अध्यक्ष,जय प्रकाश महासचिव

कोरबा। भारत एल्युमिनियम मजदूर संघ (इंटक), बालको का चुनाव इंटक कार्यालय में शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन संघ के पंजीकृत संविधान के तहत किया गया, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में छत्तीसगढ़ इंटक के सेक्रेटरी जनरल आशीष यादव तथा उप चुनाव अधिकारी संजय साहू (महासचिव, प्रदेश इंटक) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानस्वरूप शॉल भेंट कर एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक पौधा प्रदान कर की गई। चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। प्रमुख रूप से अध्यक्ष - डॉ. जी. संजीवा रेड्डी, कार्यकारी अध्यक्ष- डॉ. संजय कुमार सिंह महासचिव जय प्रकाश यादव। संघ का यह चुनाव पूर्णतः सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित महासचिव जय प्रकाश यादव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी मिलकर संयंत्र के विकास के साथ-साथ मजदूर हितों की रक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।सभा की समाप्ति अध्यक्षीय घोषणा के साथ हुई। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन रमेश जांगिड़ द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

टीबी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराएगा रोटरी क्लब

कोरबा । जिला में टीबी रोग को नियंत्रित करने के लिए रोटरी क्लब कोरबा और जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दोनों संगठनों के बीच हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि रोटरी क्लब कोरबा टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत, क्लब द्वारा हर महीने लगभग 65 पैकेट पोषक तत्वों के वितरित किए जाएंगे, जो लगभग 6 महीने तक चलेंगे। यह सहायता टीबी रोगियों को उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगी। जिला में लगभग 800 मरीज टीबी केस्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरबा जिला में लगभग 800 टीवी के मरीज हैं जिसमें अर्बन एरिया में लगभग 350 टीबी के मरीज हैं अभी रोटरी क्लब ने 65 टीबी के मरीजों की सहायता करने का निर्णय लिया है इसके अलावा और भी सामाजिक संस्था के साथ जोड़कर लगभग सभी मरीजों की सहायता की जाएगी ऐसा आश्वासन प्रशासन को दिए है कार्यक्रम 15 अगस्त से शुरू होगा और इसका उद्देश्य टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करके उनके स्वास्थ्य में सुधार करना है। रोटरी क्लब कोरबा और जिला स्वास्थ्य विभाग के बीच इस पहल से टीबी रोग को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और रोगियों को बेहतर जीवन जीने में सहायता मिलेगी।रोटरी क्लब कोरबा की इस प्रोजेक्ट में विशेष सहयोगी के रूप में डॉक्टर शोभराज चंदानी रहेंगे।बैठक में जिला क्षय नियंत्रण केंद्र से अशोक पांडे,टेकलाल साहू, राहुल कुर्रे एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर संजय अग्रवाल, पारस जैन ,सतनाम मल्होत्रा, उपस्थित थे

निषाद समाज के महिला प्रकोष्ठ ने मनाया सावन उत्सव

कोरबा। छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला-कोरबा में महिला (प्रकोष्ठ) की अगुवाई में 3 अगस्त को हरियाली तीज उत्सव,, समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम शुभांरभ वरिष्ठ सदस्य भुवन लाल कैवर्त , श्रीमती भुखिनक कैवर्त, सावित्री कटकवार के साथ महिला संगठन की मातृ शाक्तियों के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात महिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम कैवर्त के द्वारा हरियाली तीज उत्सव की महत्ता पर जानकारी देते हुए शिव की शक्ति और भक्ति में प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव भक्ति से निश्चित रूप से फलदायिनी होता हैं। हरियाली तीज उत्सव में आकर्षक झूला बांधी गई थी जिसमें सभी महिलाओं और बच्चों ने झूला झूलने के साथ फोटो खिचाने का खूब आनंद लिया। हमारे सभी महिला सदस्यों ने छत्तीसगढ़ी गाने में न। नृत्य कर खूब रंग जमाया। इसके अलावा रोचक खेलो का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं द्वारा प्रतियोगिताओं भाग लेकर खूब मस्ती के आनंदित हुये सभी विजेताओं को आकर्षक उपहार जिला समिति के तरफ से प्रदान किया गया। साथ ही हमारे सभी मातृ-शक्तियों को श्रृंगार किट प्रदान की गयी । मंच का संचालन श्रीमती अमृता निषाद, एवं ममता कटकवार द्वारा बहुत ही सुन्दर,शानदार,लाजवाब ढंग से किया गया और सभी के मन मोह को लिया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष ललित कैवर्त के मार्गदर्शन पर सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी माता बहनों को हरियाली तीज उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर श्रीमती अमृता निषाद,लता केवट, प्रेरणा कैवर्त, तुलसी कैवर्त ममता कटकवार तुलसी शिवकुमारी सीता देवी रेनू कैवर्त,सविता केवट,मीना कैवर्त, संतोषी कैवर्त,मंजुला कैवर्त,सीता केवट संतोषी श्रीमती पूर्व महिला अध्यक्ष माधुरी कैवर्त,प्रिया,रूपा केवट निषाद, दर्री ईकाई से प्रमिला निषाद, मुंडापार ईकिई से अहिल्या केवट, उर्मिला निषाद,कैवट,तिलकेजा ईकाई से चन्द्रिका कैवर्त,शशि कैवर्त कटघोरा ईकाई अध्यक्ष सविता केवट प्रतिमा कैवर्त,श्रीमती,रंजीता केवट श्रीमती दुर्गा केवट सलोरा बिसनपुर ईकाई से प्रिती निषाद दयामणि,श्रीमती रुपा केवट , पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ कैवर्त , अजित कैवर्त पूर्व महासचिव रामकुमार निषाद,, दिनेश कुमार केवट उपाध्यक्ष,महासचिव किशन केवट,कोषाध्यक्ष संतोष केवट रजनीश निषाद(अंकेक्षक), सेवक राम कैवर्त,बलराम कैवर्त,प्रकाश केवट,भवानी प्रसाद कैवर्त, नारायण कैवर्त , देबनाथ केवट, बिहारी लाल कैवर्त,रामदयाल निषाद, रामभरोस केवट आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सावन सुन्दरी का खिताब मिला रिंकी को

कोरबा। पंजाबी समुदाय की महिलाओं ने बाकीमोगरा में सावन उत्सव का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने रंग-बिरंगे पारंपरिक पंजाबी पहनावे में सज-धजकर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

इस अवसर पर महिलाओं ने सावन झूले का आनंद उठाया और सावन सुंदरी प्रतियोगिता में रिंकी कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में संगीत और नृत्य की धूम रही, जिसमें महिलाओं ने कुर्सी दौड़ और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया।महिलाओं ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और भाईचारे को मजबूत करने के साथ-साथ पंजाबी संस्कृति को सहेजने का संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से दूर होती जा रही है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने में मदद मिलती है।कार्यक्रम में सभी पंजाबी महिलाओं को गिफ्ट प्रदान किया गया और उन्होंने नए-नए रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर सोलह सिंगार सज-धजकर उत्सव का आनंद लिया।

जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा में ई-हियरिंग से प्रकरणो की सुनवाई प्रारंभ

कोरबा । जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा में ऑनलाईन के माध्यम से अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया ने 04 अगस्त को ई-हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्री श्रीनिवास तिवारी व सदस्य राज्य उपभोक्ता आयोग प्रमोद वर्मा, श्रीमती मोना चौहान ज्वांन्टर रजिस्ट्रार छ0ग0 राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, श्रीमती मधुलिका यादव, लेखा अधिकारी छ0ग0 राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, माननीय श्री डाकेश्वर शर्मा अध्यक्ष एवं सदस्य श्रीमती निरूपमा प्रधान एवं श्री अनिल अग्निहोत्री जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर, जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर के अध्यक्ष सुजाता जायसवाल एवं सदस्य आलोक पांडेय वर्चुअली उपस्थित थे।

अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा ई-हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर अपने संक्षिप्त उदबोद्धन में कहा कि वर्चुअल सुनवाई के माध्यम से प्रकरणो के शीघ्र निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। इस डिजिटल पहल के तहत पक्षकार और वकील घर बैठे ही मोबाईल, कम्प्यूटर के माध्यम से आयोग की सुनवाई शामिल हो संकेगे। खास कर ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रो में रहने वाले लोगो के लिये बेहद ही लाभदायक होगी। इससे समय, श्रम व संसाधनो तीनो की बचत होगी।

न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया ने आगे बताया कि ई-फायलिंग पहले से ही प्रदेश के सभी जिला आयोगो मे उपलब्ध थी अब ई -हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन जायेगा जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोगो में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो जायेगी। न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने कहा कि उक्त कार्य हेतु

राज्य शासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा उन्होने मिडिया एवं अधिवक्ताओ से अपील की वे ई- हियरिंग की जानकारी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर लोगो जागरूकता लाये एवं जिला आयोगो को सहयोग प्रदान करे।

इस दौरान जिला आयोग कोरबा के अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता द्वारा कार्यक्रम के संचालन के दौरान वर्चुअल सुनवाई की महत्ता के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि छ0ग0 राज्य आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिले में नम्वबर 2023 से ई-फायलिंग से प्रकरणो की प्रस्तुती हो रही है अब ई-हियरिंग से सुनवाई किये जाने जो अभूतपूर्ण निर्णय लिया गया है वह भविश्य में एक युगातंकारी कदम सिद्ध होगा। इस डिजिटीलाईजेशन कुशल पारदर्शी अधिक समावेशी न्यायप्रणाली के द्वार खोल रहा है जो भौगोलिक बाधाओ के दूर करेगा। कोरबा जिला एक औद्योगिक क्षेत्र जहां इस वर्चुअल हियरिंग का लाभ उपभोक्ताओ को निश्चित ही प्राप्त होगा।

कार्यक्रम मे प्रकरण मयंक सक्सेना बनाम आदित्य बिरला इंश्योरेंस कंपनी की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य प्रमोद वर्मा, रजिस्ट्रार श्री श्रीनिवास तिवारी की वर्चुअल उपस्थिति में जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा द्वारा की गई जिसमें परिवादी मयंक सक्सेना सहित उनके अधिवक्ता सुयश बाग एवं विरोधी पक्षकार आदित्य बिरला कंपनी की ओर से अधिवक्ता सौरभ अग्रवाल ने अपना तर्क प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्तागण श्री अशोक तिवारी, श्री बी.के.शुक्ला, अधिवक्ता संघ के सचिव श्री नूतन सिंह ठाकुर, श्री पी.एन.एस. यादव, श्री संजय जायसवाल ने ई-हियरिंग की आवश्यकता महत्ता एवं भविष्य की चुनौतियो के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला आयोग के मध्यस्थ सदस्य श्रीराम श्रीवास एवं महेन्द्र राजवाड़े उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन जिला उपभोक्ता आयोग के डाटा एंन्ट्री ऑपरेटर श्री मनीराम श्रीवास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्तागण श्री श्याम सुदंर अग्रवाल, श्रीमती संगीता चौहान, आयोग के कर्मचारीगण नाजीर श्री रामनारायण पटेल, आदेशिका वाहक श्री संजय कुमार शर्मा, वाहन चालक श्री राजेश्वर राव इंग्ले भृत्य नूतन राजपूत, भृत्य श्रीमती दुर्गा चौबे, डी.एम.ए. श्रीमती आरती श्रीवास एवं आनंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण,पक्षकारगण मिडिया कर्मी उपस्थित थे।

कन्या छात्रावासों व कन्या आवासीय विद्यालयों में डीएमएफ से महिला होमगार्ड की होगी नियुक्ति

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग,अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, श्री मनोज कुमार बंजारे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने आश्रम- छात्रावासों में बालिकाओ की सुरक्षा के मद्देनजर डीएमएफ से जिले के सभी कन्या छात्रावासों व कन्या आवासीय विद्यालयों में महिला होमगार्ड की नियुक्ति करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं एजेंसी चिन्हाकित करने के लिए कहा। साथ ही इस कार्य में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी धान खरीदी सीजन के लिए जिले के पंजीकृत किसानो का पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य है। इस हेतु पंजीयन के लिए शेष बचे किसानों का जल्द से जल्द फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी विभागों को कार्यालयीन कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से करना है। 15 अगस्त के बाद से सभी विभागों को ई-ऑफिस में कार्य करने एवं फाइलों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ, जिला कार्यालय के विभिन्न शाखा एवं अन्य सभी विभाग अपने कार्यालय में ई- ऑफिस में कार्य करना सुनिश्चित करें। इस हेतु सभी अधिकारी कर्मचारी समय रहते आवश्यक जानकारी व प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई भी फाइल ऑफलाइन आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने जिला स्तरीय स्थानान्तरण आदेश के पश्चात निर्धारित स्थान पर जॉइनिंग नहीं करने वाले कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए विभागीय कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान और वयवन्दन कार्ड निर्माण की अनुविभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयुष्मान व वयवन्दन कार्ड से वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर लाभान्वित किया जाए। इस हेतु पंचायतों में छूटे हुए हितग्राहियों की सूची तैयार कर शिविर के माध्यम से उनका कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही आधार अपडेशन के लंबित कार्य को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। इसके लिए ऑपरेटर की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

साडा कन्या विद्यालय में संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई



कोरबा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा में दिनांक 05 अगस्त 2025 को छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान में संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता संस्कृत, रेणुका लदेर के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर में छात्राओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक संस्कृत शोभायात्रा में अपनी भागीदारी निभाई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ जयतु जयतु संस्कृत भाषा, वदतु वदतु संस्कृत भाषा, सरला भाषा संस्कृत भाषा आदि नारे जोर शोर से लगाए। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रणधीर सिंह, प्रधान पाठक बंशीलाल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता सविता पाठक, स्वप्निल पांडे, कपिल सवैये,राजनारायण सिंह, सुमिता चौधरी, गरिमा थवाईत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

शासकीय महाविद्यालयों में डीएमएफ से होगी चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति

कोरबा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयो में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी /चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए एक वर्ष (01 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026) तक की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदाय की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने किया जा रहा निरंतर कार्य

डीएमएफ से ग्रामीण क्षेत्रो में 162 नए पीडीएस भवन हेतु जिला प्रशासन द्वारा 20 करोड़ से अधिक राशि की दी गई स्वीकृति

कोरबा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में आमजनों की सुविधा दिलाने एवं अधोसंरचना विकास हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा ग्रामीणों को सुविधा पहुँचाने एवं ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के सभी विकासखण्डों में 162 नए उचित मूल्य की राशन दुकान निर्माण हेतु 20 करोड़ 08 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत विकासखंड कोरबा में 23, कटघोरा में 12, पाली में 64, करतला में 12 एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में 51 नए पीडीएस भवन का निर्माण किया जाएगा।गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों में पीडीएस भवन नही होने अथवा उचित मूल्य दुकान जर्जर होने के कारण अन्य शासकीय भवनों, निजी या किराए के भवन पर संचालित होती थी।

जहां खाद्यान्नों के भंडारण एवं वितरण के दौरान अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन नए पीडीएस भवन के निर्माण होने से खाद्यान्न भंडारण व वितरण में उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी।

शासकीय कार्य में लापरवाही का मामला

कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बरपाली तहसील अंतर्गत पटवारी श्रीमती आभा सोनी को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर यह कार्यवाही की है।

जारी आदेश के अनुसार श्रीमती आभा सोनी, पटवारी हल्का नंबर 04 (सण्डैल) राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील बरपाली को जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में प्राप्त जवाब प्रतिवेदन संतोषप्रद नहीं पाया गया। पटवारी श्रीमती सोनी द्वारा अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करने के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई है। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1) नियम 3 (क) (ख) (ग) के तहत् उल्लघंन है। इस हेतु छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 नियम 9 के तहत् श्रीमती आभा सोनी, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जटगा, तहसील पसान नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

किसानों की मेहनतों पर कहीं फिर न जाए पानी,बढ़ी चिंता

जांजगीर-गोधना। जिले के दर्जनभर गांवों में किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की नौबत आ गई है। नहरों से टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच रहा और ऊपर से बारिश भी रुक गई है। ऐसे में खेत सूख गए हैं और फसल मुरझाने लगी है। किसान परेशान हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिली है। गोधना, कुरियारी, पोंड़ी, तुस्मा, बोरदा, बेल्हा, रिंगनी, कुकदा, सलखन और लोहर्सी जैसे गांवों में सैकड़ों किसान नहर के पानी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन टेल एरिया तक बूंद भी नहीं पहुंची। खेतों की मिट्टी दरकने लगी है। किसान बोले- तीन-चार दिन में सूख जाएगी फसल ग्राम कुरियारी के किसान अनंत राम कश्यप ने बताया कि कर्ज लेकर खेत तैयार किए, बीज डाला। लेकिन अब खेत में एक बूंद भी पानी नहीं है। बारिश होती तो बात कुछ और थी, लेकिन न ऊपर से पानी आया न नीचे से। दो-चार दिन में पानी नहीं मिला तो पूरी फसल सूख जाएगी। किसान जगन्नाथ यादव ने बताया कि गांव के किसानों का एक समूह जल्द ही जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। उनका कहना है कि सरकार को जल्द टेल एरिया तक नहर का पानी पहुंचाना चाहिए। प्रशासन ने नहीं ली सुध, किसान करेंगे प्रदर्शन किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नहर से पानी नहीं छोड़ा गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है कि सिर्फ मुख्य इलाकों तक पानी छोड़कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। टेल एरिया के गांवों को भी बराबरी से पानी मिलना चाहिए।

भगवान को जो प्रिय नही वह धर्म नही:स्वामी रामकृष्णाचार्य

जांजगीर चांपा। शहर के अग्रसेन भवन में तीन से सात अगस्त तक वेंकटेश झूला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बसईवाल परिवार द्वारा किया जा रहा है । इसे लेकर मध्य प्रदेश के इटारसी से पहुंचे स्वामी रामकृष्णचार्य ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मर्यादा का पालन कर भगवान की भक्ति करनी चाहिए जो भगवान को प्रिय नहीं वह धर्म नहीं हो सकता । पत्रकारों के द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में आचार्य ने कहा कि महिलाओं को व्यास पीठ पर बैठने की अनुमति वेद नहीं देता लेकिन वे आपस में बैठकर कीर्तन भजन सत्संग कर सकते हैं। धर्मांतरण को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए लोगों को स्वयं सजग एवं सचेत रहना चाहिए , आगे उन्होंने कहा कि राजनीति एवं धर्म एक ही है और धर्म का पालन करते हुए राजनीति करनी चाहिए एवं प्रजा का पालन अपने बेटे की तरह करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को माता शबरी का अनुसरण करते हुए भक्ति एवं प्रेम के साथ भगवान की पूजा अर्चना करनी चाहिए ।

पत्रकार के द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में महाराज जी ने कहा कि व्यास पीठ पर बैठने का अधिकार ब्राह्मणों को ही है वहीं उन्होने साई बाबा के विषय में भी दो टूक कहा कि सनातन धर्म में इसका उल्लेख कहीं नही है इसलिए सनातन धर्मावलंबियों को इससे दूर रहना चाहिए । इस दौरान झूला महोत्सव आयोजक परिवार से कैलाश बसईवाल , पवन अग्रवाल, देवेश बसईवाल , अंकित बसईवाल, आनंद बसईवाल, पंकज अग्रवाल , अशोक गोयल , धन्नू गट्टानी सहित पारिवारिक जन उपस्थित रहे । सुबह प्रवचन के साथ रात्री झूला उत्सव - इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से लेकर 12.30 तक स्वामी रामकृष्णाचार्य के श्रीमुख से प्रवचन सत्संग का कार्यक्रम होता है।

खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर की गई कार्यवाही

03 जेसीबी एवं 01 हाईवा जब्त

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग के द्वारा जिले के ग्राम भादा, नवापारा, केवा तथा बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि ग्राम नवापारा स्थित हसदेव नदी से 03 जेसीबी द्वारा खनिज रेत का उत्खनन करते पाये जाने पर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर जप्त कर कलेक्टोरेट परिसर जॉजगीर में रखा गया है। इसके अतिरिक्त 01 हाईवा को खनिज रेत की परिवहन अनुमति क्षमता से अधिक खनिज रेत मात्रा का परिवहन किये जाने पर जप्त किया गया है। उक्त वाहनो/वाहन मालिको के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर प्रभावी नियंतत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जॉच किया जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता:

स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर 15 अगस्त तक होंगे विभिन्न आयोजन

जांजगीर-चांपा । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन 02 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित होगा। कलेक्टर ने अभियान की सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

अभियान के दौरान सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो। कलेक्टर ने संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार निम्नानुसार गतिविधियों संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कॉर्पोरेट और निजी संगठनों को भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही www.harghartiranga.com के माध्यम से सेल्फी अपलोड कर प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

मंदिर परिसर हुआ रोशन लगाई गई सोलर लाइट

मुलमुला। गांव के प्रसिद्ध माता चौरा मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगाई गई। सरपंच और ग्रामीणों ने विधायक शेषराज हरबंश से मंदिर परिसर में रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की थी। मांग पर विधायक ने तुरंत पहल की। उन्होंने मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगवाने की व्यवस्था करवाई। अब मंदिर में बिजली बंद होने के बाद भी रोशनी बनी रहती है। इससे श्रद्धालुओं को रात में दर्शन करने में सुविधा हो रही है। मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगने से सुरक्षा भी बढ़ी है। विधायक ने कहा कि गांवों के विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

विद्यालय परिसर में बच्चों ने लगाए पौधे

करनौद। मंगलवार को आदर्श ग्राम पंचायत करनौद के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारती जन सेवा संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में हुआ। बच्चों ने बरगद के पौधे लगाए। इस पहल से गांव में हरियाली, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष घन्नू डडसेना, मनीष पटेल, स्कूल के प्राचार्य राजेश पटेल और शिक्षक दुर्गा डडसेना मौजूद रहे। सभी ने बच्चों की सोच की सराहना की। बच्चों को पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने की जानकारी दी गई। सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पटेल और जिला अध्यक्ष घन्नू डडसेना ने कहा, बच्चों का यह उत्साह बड़े अभिमानों से बढ़कर है। संघ लगातार सभी स्तरों पर ऐसे कार्यक्रम कर रहा है। आगे भी यह कार्य जारी रहेंगे।

बदमाश ने जेल से रिहा होने पर निकाला जुलूस

रायगढ़। रायगढ़ जिला में आदतन अपराधी जमानत पर रिहा होने के बाद जुलूस निकाला। जिसकी जानकारी पुलिस को लगने पर तत्काल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार करते हुए उसे दोबारा जेल भेज दिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बैंकुठपुर कोतरा रोड क्षेत्र का रहने वाला दुर्गेश महंत 21 साल करीब तीन माह पहले जूटमिल थाना क्षेत्र में बाराती बस को रोककर मारपीट किया था। मारपीट के इस प्रकरण के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया था। जहां वह जेल में निरूद्ध था।

सेमरिया में बच्चों की सेहत की जांच कर दवा बांटी

बिर्रा । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 5 अगस्त को शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में बच्चों की जांच की गई। चिरायु दल ब बम्हनीडीह की टीम ने यह जांच की। टीम लीडर डॉक्टर गुलशन निराला, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पिंकी यादव और एएनएम श्रीमती शशि चंद्रा ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में खुशबू कश्यप, साइना कश्यप, सफदर खान, जान्हवी कश्यप, रेवती कश्यप, अशफाक खान, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, यश कुमार कश्यप और ज्योति भारद्वाज को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उच्च संस्थान में इलाज के लिए रेफर किया गया। कुछ बच्चों को दवाइयां भी दी गईं। इस मौके पर प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, एकादशिया मांझी, पितांबर प्रसाद कश्यप, कैलाश खूंटे, अनुपमा जांगड़े, कौशल यादव और अशोक जांगड़े मौजूद रहे।

अखबार वितरक संघ ने विनोद को दी श्रद्धांजलि

जांजगीर। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा के आकस्मिक निधन पर जांजगीर-चांपा जिले में श्रद्धांजलि सभा हुई। नेताजी चौक पर अखबार वितरकों और संघ के अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष बजरंग यादव ने कहा कि विनोद सिन्हा का निधन संघ के लिए बड़ी क्षति है।वे समर्पित और मेहनती नेता थे। उन्होंने संघ के लिए कई अहम कार्य किए। इस मौके पर सदस्यों ने उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में जिला सचिव उत्तम राठौर, सुरेश, अमित, नामदेव, गिरीश, अनिल, मनीष, सुदर्शन, सोमु, कृष्णा, पप्पू, परमानंद, भरत, मानस, हर्ष, पंकज, मनीष, प्रकाश, दुर्गेश, सुरेंद्र, चंदन, आनंद, चेतन, अजय, देवेश, अमित राठौर, वासु देव यादव, कृष्णा नामदेव और टीकाराम मौजूद रहे।

महिलाओं ने मनाया हरियाली उत्सव

जांजगीर। सिद्ध श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दिनदयाल कॉलोनी की महिलाओं ने हरियाली उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंजूषा केशरवानी के घर पर भी महिलाओं ने कीर्तन-भजन कर उत्सव धूमधाम से मनाया। मंजूषा केशरवानी ने प्रसाद की पूरी व्यवस्था की। मंदिर में भी प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं में उत्साह दिखा। एक-दूसरे को गले मिलकर खुशी जताई। मनीषा केशरवानी, सीमा तिवारी, रावी साहू, वंदना चंदेल, रानू पांडे, मंजू पांडे, अनीता दुबे, अंजनी राठौर, शकुन, पप्पी दीदी, अन्नू सींग, मिथलेश केशरवानी सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। अरुण तिवारी, बिकेश केशरवानी और दिन दयाल कॉलोनी के सभी वासियों ने आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

युवती को जबरदस्ती घर से उठाकर ले गया युवक,मना करने पर दीदी-मां को पीटा

रायगढ़। रायगढ़ जिले में एक युवती को एकतरफा प्यार में पागल युवक जबरदस्ती घर से उठाकर ले गया। मां और दीदी के बीच-बचाव करने पर उनके साथ मारपीट की, फिर युवती को जांजगीर ले जाकर एक होटल में दुष्कर्म दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतरारोड थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, 19 साल की युवती की दो साल पहले प्रभात सिदार से जान-पहचान हुई थी। बाद में प्रभात एकतरफा मोहब्बत करने लगा। मना करने पर भी वो नहीं माना। ऐसे में युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी, लेकिन वह जबरदस्ती बातचीत करता रहा।

सोमवार दोपहर करीब 3 बजे, जब युवती अपनी मां और दीदी के साथ घर पर थी, तभी प्रभात वहां पहुंचा और जबरदस्ती करते हुए युवती को खींचकर अपने साथ ले जाने लगा। मां और दीदी ने बीच-बचाव किया, तो प्रभात ने उनके साथ मारपीट की और युवती को जबरन बाइक पर बैठाकर जांजगीर ले गया। वहां रात में एक होटल में ले जाकर प्रभात ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

अगली सुबह वह युवती को बाइक पर बैठाकर बिलासपुर की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुलिस को देखकर उसने बाइक रोक दी। मौका मिलते ही युवती बाइक से उतर गई और प्रभात वहां से भाग निकला। इसके बाद युवती ने पुलिस की मदद से रायगढ़ पहुंचकर परिजनों को सूचना दी और कोतरारोड थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतरारोड पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुट गई। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी जांजगीर-चांपा की ओर गया है। ऐसे में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक करुणेश कुमार राय, आरक्षक चंद्रेश पांडे, चूड़ामणि गुप्ता, संदीप कौशिक और संजय केरकेट्टा की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सब्जी मंडी के पीछे गांजा पीते छह युवक गिरफ्तार

जांजगीर। अकलतरा थाना क्षेत्र के वार्ड 13 में पुलिस ने सब्जी मंडी के पीछे नशा कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग वहां बैठकर सुलेशन सूंघते और गांजा पीते थे, जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती थी। शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने टीम के साथ छापा मारा। मौके पर सभी आरोपी नशे की हालत में पाए गए। पुलिस ने उनके पास से गांजा, चिलम, बीड़ी और सुलेशन जब्त किया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में किशन पाण्डेय, निखिल गरुड़, रूपेश चौहान, धर्मेन्द्र यादव, सुनील सारथी और टीकाराम टंडन शामिल हैं।

सीबीएसई ने दसवीं कंपार्टमेंट परीक्षा का रिजल्ट जारी किया

जांजगीर। सीबीएसई ने 10वीं कक्षा के कंपार्टमेंट परीक्षा का रिजल्ट आज 5 अगस्त को जारी कर दिया। स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से देख सकते हैं। बोर्ड ने रिजल्ट अपनी आधिकारिक वेबसाइट results.cbse.nic.in पर अपलोड किया है। छात्र वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और सिक्योरिटी पिन दर्ज कर रिजल्ट देख सकते हैं। इसके बाद वे मार्कशीट की डिजिटल कॉपी भी डाउनलोड कर सकेंगे।

बोर्ड ने साफ किया है कि कंपार्टमेंट परीक्षा में मिले अंक ही अंतिम माने जाएंगे। अगर कोई छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं है तो वह तय तारीखों के भीतर अंकों की दोबारा जांच करवा सकता है। जिन छात्रों के पास स्मार्टफोन नहीं है, वे एसएमएस के जरिए भी रिजल्ट देख सकते हैं। इसके लिए ष्ब्इैम्10 (रोल नंबर, जन्मतिथि, स्कूल नंबर, सेंटर नंबर) टाइप कर 7738299899 पर भेजना होगा। इसके अलावा छात्र आईवीआरएस सिस्टम से भी रिजल्ट जान सकते हैं। इसके लिए 24300699 पर कॉल करना होगा। बोर्ड ने बताया कि ओरिजिनल मार्कशीट कुछ दिन बाद स्कूलों को भेज दी जाएगी। छात्र वहां से इसे प्राप्त कर सकेंगे। अभी केवल डिजिटल कॉपी ही डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025 — दिनांक 31.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 58 (पूर्व वार्ड क्र.51) अटल आवास से ट्रांसफार्मर एवं जीवन आशा हॉस्पिटल तक ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन बिछाने का कार्य (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा)	29.64	25.08.2025 (T.No.172921)
2	वार्ड क्र.62 (पूर्व वार्ड क्र 54) चन्द्रनगर नया बसाहट के विभिन्न स्थानों पर ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा)	21.50	25.08.2025 (T.No.172922)
3	टी.पी.नगर महराजा होटल से पावर हाउस रोड से टी.पी. नगर चौक तक टी.पी. नगर चौक से सुनालिया केनाल ब्रिज बंगाली चाल डी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा)	83.56	25.08.2025 (T.No.172923)
4	वार्ड क्र.55 (पूर्व वार्ड क्र 48) दर्री सलिहाभाठा कमल तिवारी घर से राजपाल घर तक सलिहाभाठा शासकीय प्रायमरी स्कूल से बाबा घर तक, सुरईया घर से तेश प्रजापति घर एवं नागीनभाठा बाबा घर से संतोष कर्ष घर तक ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा)	20.21	25.08.2025 (T.No.172999)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -13

(प्रथम बार)

क्रमांक/3156/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 — कोरबा,दिनांक 04.08.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2015 को मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाइन (offline) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 19.08.2025 समय 17.30 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सं. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर राशि (रू. में)
1	2	3	4
1	ग्राम पंचायत तौलीपाली में पी.डी.एस. गोदाम सह दुकान निर्माण कार्य वि.खं. कोरबा	11.95	8963.00
2	ग्राम पंचायत बेंदरकोना में पी.डी.एस. गोदाम सह दुकान निर्माण कार्य वि.खं.कोरबा	11.95	8963.00
3	ग्राम पंचायत कुदुरमाल में पी.डी.एस. गोदाम सह दुकान निर्माण कार्य वि.खं.कोरबा	11.95	8963.00
4	ग्राम पंचायत पहंदा के ग्राम सरईडीह में पी.डी.एस. सह दुकान निर्माण कार्य वि.खं.कोरबा	11.95	8963.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 04.08.2025 समय 15.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

(ए.के.जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-252602607/3

रक्षाबंधन पर जांजगीर-चांपा पुलिस की अनोखी पहल,एक हेलमेट भाई के नाम

जांजगीर-चांपा। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जांजगीर-चांपा पुलिस ने एक अनूठी और जीवन रक्षक पहल एक हेलमेट भाई के नाम की शुरुआत की है। यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है।

शहर में सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से पता चला है कि लगभग 70त्न मौतें दोपहिया वाहन चालकों की होती हैं। इनमें से करीब 40त्न लोगों की जान बचाई जा सकती थी, अगर वे हेलमेट पहनते। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में ऑपरेशन उपहार शुरू किया गया है।

1000 हेलमेट बांटा जाएगा

8 अगस्त 2025 को जिले के सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में 1000 हेलमेट निशुल्क दोपहिया चालकों को वितरित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य हेलमेट को एक उपयोगी उपहार के रूप में देना है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना और दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।

पुलिस ने की ये अपील

जांजगीर-चांपा पुलिस की यह पहल रक्षा बंधन जैसे त्योहार पर भाइयों की रक्षा के प्रतीक के रूप में हेलमेट को उपहार देकर सड़क सुरक्षा की एक नई परंपरा शुरू कर रही है। यातायात पुलिस की अपील है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें।

इसके अलावा नाबालिगों को वाहन न दें। सभी दस्तावेज साथ रखें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। नशे में वाहन बिल्कुल न चलाएं। इस मुहिम में जिले के सामाजिक संगठन, व्यापारी, औद्योगिक संस्थाएं और नागरिकों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

बिलासपुर में युवक ने कुल्हाड़ी से पड़ोसी का काटा गला

बिलासपुर। बिलासपुर जिले में शराब के नशे में अधेड़ पड़ोसी ने युवक को गाली दी, जिससे नाराज होकर युवक ने कुल्हाड़ी से उसका गला काट दिया। हमले में खून से लथपथ अधेड़ जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। घटना कोटा थाना के बेलगहना चौकी क्षेत्र की है।पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने पुलिस को बताया कि वह अधेड़ से मिलने गया था, तब शराब के नशे में उसने गाली देनी शुरू कर दी, जिससे उसे गुस्सा आ गया।

अनमोल वचन......

अगर एक हारा हुआ इंसान हारने के बाद भी मुस्करा दे तो जीतने वाला भी जीत की खुशी खो देता हैं। ये हैं मुस्कान की ताकत।

श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने असफल क्यों

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ में आठ श्रद्धालु मर गये तथा तीस से अधिक गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। यह मंदिर पहाड़ी पर है, जहां पहुंचने के लिए आठ सौ सीढ़ियां हैं। मृतकों में चार उप्र के व एक-एक बिहार व उत्तराखंड के बताए जा रहे हैं। सावन माह में मंदिर में भारी भीड़ होती है। बताया जा रहा है कि मंदिर से करीब सौ मीटर पहले ही धक्का-मक्की के चलते करीब लटक रहे तार को सहारे के लिए लोगों ने पकड़ने की कोशिश की, जिससे करेंट लगने से अफरा-तफरी मच गई। हड़बड़ाहट में कुछ लोगों के गिरते ही भगदड़ मच गई। हरिद्वार की शिवालिक पहाड़ियों पर बना यह मंदिर बिल्व पर्वत पर पौड़ी से तीन किलोमीटर दूर है। महंत इसे मंदिर परिसर के भीतर नहीं हुई घटना कह कर हाथ झाड़ रहे हैं और सरकार ने मुआवजा घोषित कर रस्म अदा कर दी। इसी समय उप्र के बाराबंकी के औसानेर मंदिर में मची भगदड़ में दो की मौत हो गयी। मृतक के भाई का आरोप है, वहां तार सुलगते देखा गया था। पूजास्थलों में चढ़ावा और श्रद्धालुओं को बटोरने की होड़ किसी से छिपी नहीं है। स्थानीय प्रशासन या राज्य सरकारें श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने का जिम्मा सलीके से लेने में क्यों असफल हैं। महीना भर पहले ही पुरी में रथ-यात्रा के दौरान मची भगदड़ में तीन भक्तों की मौत हुई है। उससे पहले गोवा में भंदिर उत्सव में भगदड़ में छह मरे थे और इसी जनवरी में तिरुपीति में भी छह श्रद्धालु कुचल कर मारे गए थे। देश के विभिन्न धर्मस्थलों में प्रतिवर्ष होने वाले इन धार्मिक आयोजनों के बारे में सबको पहले से खबर होती है। दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला मुल्क अपने बाशिंदों की जान को लेकर कितना संवेदनहीन हो रहा है।खासकर धर्म को अपना मुख्य एजेंडा बनाने वाली सत्ताधारी पार्टी का जिम्मा है कि वह भक्तों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह रवैया बदले। किसी भी बड़े धार्मिक उत्सव/त्योहार को लेकर आयोजकों, मंदिर व्यवस्थापकों व स्थानीय प्रशासन व पुलिस को चेतावनी देनी होगी। समाज में धर्मपरायण व मान्यताओं के प्रति अगाध श्रृद्धा रखने वालों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। विशेष अवसरों पर पूजा-अर्चना करने वालों की संख्या साल-दर-साल बढ़ती ही है। प्रशासन व पुलिस को भीड़ संभालने का प्रशिक्षण दिया जाए। भगदड़ जैसी घटनाएं घोर लापरवाही की श्रेणी में आती हैं। मुआवजों के भरोसे व्यवस्था नहीं सुधारी जा सकती। इस पर केंद्र को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। आज आप परिवार के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज आप दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। आज आप नई स्किल सीखने का विचार कर सकते हैं, जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है, जिससे आपको ओवर टाईम करना पड़ सकता है। आज आप रुपए पैसों के मामले में लापरवाही न करें और सारी चीजें अच्छे से चेक करें। आज टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस में आपको अच्छा लाभ होगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशी से भरा रहेगा। आज आपको सरकारी कार्यों में सफलता मिलने से मन संतुष्ट होगा। आज आप बच्चों के साथ घूमने जा सकते हैं, जहां आप अच्छा समय बितायेंगे। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अनुकूल है, आप पारिवारिक और ऑफिस की गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखने में कामयाब रहेंगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज प्राइवेट क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। आज आप घरवालों के साथ अच्छा समय बितायेंगे, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम समय पर पूरा हो जायेगा। आज लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से अच्छा लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते बेहतर बनेंगे। आज आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आज आपको अच्छा डाइट प्लान तैयार कर लेना चाहिए।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है, बिजनेस में आपको अच्छी डील मिलने वाली है। आज आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। आज मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आज आपको ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज आपके घर नन्हे मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप बिजनेस में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज का दिन राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों के लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप बिजनेस को आगे ले जाने के लिए ऑफिस में चल रही जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप एकाग्र मन से काम करेंगे, जिससे आपका काम सही समय पर पूरा हो जायेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे होटल में डिनर करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से बचें, हो सके तो किसी की सहायता ले-लें। आज नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को अधिकारियों से मदद मिलेगी, जिससे काम का बोझ कम हो जायेगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप घर खरीदने का विचार कर रहे हैं तो आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं, जिसे आप बहुत अच्छे से पूरा करेंगे। आज डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपका कारोबार बढ़िया चलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज बिजनेस में आपको अच्छा लाभ होगा, जिससे आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपने भाई-बहनों को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे उनको खुशी मिलेगी। आज आपको पिता की सलाह से बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नयी योजनाएं भी बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज आपका अधिकतम समय धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत होगा। आज आप अपने कार्यों को जितनी मेहनत और लगन से करेंगे उसी के अनुरूप आपको उचित परिणाम हासिल होंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा। आज बैंक में कार्यरत व्यक्ति अपना काम समय से निपटा लेंगे। आज सामाजिक कार्यों में आपका योगदान बना रहेगा, जिससे आपकी समाज में पहचान बढ़ेगी।

भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना

//गिरिराज सिंह//

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है।स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं।ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं।

टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है।ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत,रि-साईकिलिंग और अप-साईकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है।ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं।जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दर्शाती है।

भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है।इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है।'कौशल भारत' और 'डिजिटल भारत' जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं।

इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है।वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष,पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है।यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है।

हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है।

इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाज़ारों के लिए नए डिज़ाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिज़ाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के ज़रिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22 प्रतिशत हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19 प्रतिशत अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59 प्रतिशत ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है।आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है।जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है।

वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है।हाल के वर्षों में, नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। इसमें एक उल्लेखनीय बात यह है कि युवाओं को युवा बुनकर पुरस्कार भी दिया जाता है, जोकि 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं।ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं, तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं।संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है।इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है।भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेज़ी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है।इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है।

वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय मेंभारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है,यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है।बचे हुए कपड़ों और धागों का उपयोग करके बनाए गए पुनर्चक्रित संग्रह लोकप्रिय हो रहे हैं, जो पारंपरिक, टिकाऊ प्रथाओं के पुनरुद्धार में योगदान दे रहे हैं।यह आंदोलन पर्यावरण के प्रति जागरूक फैशन की ओर एक व्यापक वैश्विक बदलाव को दर्शाता है।

आज, तेज़ी से बढ़ते शहरी प्रवास और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के साथ, पारंपरिक बुनकर की अपने करघे पर भूमिका प्रतीकात्मक से कहीं ज़्यादा बढ़ गई है,अबयह हरित तकनीक और सांस्कृतिक संरक्षण का एक सशक्त उदाहरण बन गई है। भारत की हथकरघा विरासत एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है जो पर्यावरण और शिल्प से जुड़े लोगोंका सम्मान करती हैऔर देश को ज़िम्मेदार एवं नैतिक फ़ैशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है।

यह कांग्रेस की गलती नहीं, यह मेरी गलती है

//अजीत द्विवेदी//

राहुल गांधी अफसोस जता रहे हैं। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ को ओर से आयोजित 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में राहुल गांधी ने कहा, 'मैं 2004 से राजनीति में हूं। जब मैं पीछे मुड़ कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने गलती की। मैंने ओबीसी की उस तरह रक्षा नहीं की जैसी मुझे करनी चाहिए थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं उस समय आपके मुद्दों को गहराई से नहीं समझ पाया'। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंच पर और कार्यक्रम में मौजूद ओबीसी नेताओं से कहा, 'मुझे अफसोस है कि अगर मुझे आपके इतिहास, आपके मुद्दों के बारे में थोड़ा भी पता होता, तो मैं उसी समय जाति जनगणना करा लेता। यह मुझसे हुई गलती है। यह कांग्रेस पार्टी की गलती नहीं है, यह मेरी गलती है। मैं उस गलती को सुधारने जा रहा हूं'।

राहुल गांधी पहले भी इस तरह की बात कह चुके हैं। सिर्फ ओबीसी के मामले में नहीं, बल्कि कई दूसरे मामलों में भी वे गलतियों की माफी मांग रहे हैं और अफसोस जाहिर कर रहे हैं। हालांकि वास्तविकता यह है कि ये जाति गणना नहीं कराना कांग्रेस का नीतिगत फैसला रहा है और ओबीसी की अनदेखी करना कांग्रेस की चुनावी रणनीति रही है।

तभी सवाल है कि अब अफसोस जाहिर करने से क्या होगा? क्या देश का ओबीसी समाज राहुल गांधी के बयान को एक ईमानदार बयान मानेगा और स्वीकार कर लेगा कि सचमुच उनको समझ नहीं थी इसलिए कांग्रेस के लंबे शासन में ओबीसी की अनदेखी हो गई? अगर 2004 में राहुल गांधी को समझ नहीं थी तो क्या यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी समझ नहीं थी? राहुल गांधी के साथ मंच पर राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत, उनके उप मुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे, क्या यह माना जाए कि इन तीनों को खास कर गहलोत और बघेल को भी राहुल की ही तरह ओबीसी का इतिहास नहीं पता था और अनजाने में अनदेखी होती रही? अगर सवालों की इस श्रृंखला को बढ़ाएं तो सवाल वहां तक जाएंगे कि क्या पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भी पिछड़ी जातियों के इतिहास, उनके सामाजिक व शैक्षिक पिछड़ेपन या सामाजिक समस्याओं की जानकारी नहीं थी इसलिए उनके राज में भी ओबीसी की अनदेखी होती रही?

असल में राहुल गांधी ने बंद हो चुके एक असहज अध्याय को फिर से खोल दिया है। वे ऐसे काम करते रहते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने गुजरात में कहा था कि ऐसे अनेक नेता हैं, जो कांग्रेस में हैं लेकिन भाजपा के लिए काम करते हैं। राहुल ने कहा था कि ऐसे लोगों की पहचान करके उनको पार्टी से निकाला जाएगा। लेकिन अभी तक किसी को निकाला नहीं गया है। उलटे उन्होंने भाजपा विरोधी मतदाताओं के मन में कांग्रेस के प्रति एक अविश्वास जरूर पैदा कर दिया है। इसका लाभ लेने के लिए आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल गुजरात में दिन रात एक किए हुए हैं। ओबीसी की अनदेखी करने या उनके मुद्दों को समझ पाने में अपनी अक्षमता जाहिर करके राहुल ने एक बार फिर वैसी ही गलती की है।

उन्होंने अपने साथ साथ अपने पूर्वजों को और कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। अगर कांग्रेस ने ओबीसी की अनदेखी की तो यह उसकी राजनीतिक रणनीति रही थी, जिसे ओबीसी समाज जानता है। देश के बच्चे बच्चे को पता है कि एक रणनीति के तौर पर कांग्रेस ने सवर्ण, दलित और मुस्लिम वोट का आधार बनाया था, जिसके दम पर वह इतने दशकों तक सत्ता में रही। इस वोट आधार को बनाए रखने के लिए जरूरी था कि ओबीसी की अनदेखी की जाए। इसके भी ऐतिहासिक कारण थे। आजादी से ठीक पहले कांग्रेस के अंदर के तमाम समाजवादी नेता अलग हो गए थे और उन्होंने पिछड़ों की राजनीति की। आजाद भारत में भी हमेशा समाजवादी पार्टियां ही ओबीसी की राजनीति करती रहीं और उनका कांग्रेस से कैसा वैर था यह किसी से छिपा नहीं है। आजादी के बाद अनेक दशकों तक भारतीय जनसंघ मुख्य प्रतिद्वंद्वी नहीं थी, बल्कि अलग अलग समाजवादी व प्रादेशिक पार्टियां कांग्रेस की प्रतिद्वंद्वी थीं। कांग्रेस द्वारा ओबीसी की अनदेखी का मामला कोई 2004 का नहीं है या राहुल गांधी की नासमझी का नहीं है। कांग्रेस की नीति का है। क्योंकि अगर राहुल 2004 में नहीं समझे थे तो 2009 में समझ सकते थे या 2014 और 2019 में समझ सकते थे। लेकिन उनको यह मामला 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से ठीक पहले समझ में आया और वह भी नीतीश कुमार जैसे समाजवादी नेता के समझाने से। तभी इसमें संदेह है कि ओबीसी समुदाय उनकी बात पर यकीन करेगा। ऐतिहासिक रूप से जो समाज कांग्रेस विरोधी राजनीति की धुरी रहा है और समाजवादी या कम्युनिस्ट और बाद के दिनों में भाजपा का वोट आधार बना है वह राहुल गांधी के अफसोस जताने से उनके साथ चला जाएगा इसमें संदेह है।

हालांकि इसके लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। ओबीसी को आरक्षण देने के लिए काका कालेलकर समिति उनके परनाना के समय बनी थी और उनकी दादी इंदिरा गांधी तक सबने उस रिपोर्ट को रोका था। ऐसे ही मंडल आयोग की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी दोनों ने रोका था। जनता पार्टी की मोरारजी देसाई सरकार ने वीपी मंडल की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी, जिसकी रिपोर्ट लागू करने से पहले सरकार चली गई। उसके बाद सत्ता में आईं इंदिरा गांधी और फिर राजीव गांधी ने 10 साल तक रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाले रखा। वीपी सिंह ने 1990 में इसे लागू किया। आज राहुल गांधी आरक्षण की सीमा बढ़ा कर आबादी के अनुपात में करने की बात कर रहे हैं लेकिन इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने तो ओबीसी को उनकी अनुमानित आबादी के आधा यानी 27 फीसदी आरक्षण देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी नहीं दी थी और ओबीसी समाज इस बात को जानता है।

ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस ओबीसी राजनीति से दूर रही है, खास कर उत्तर भारत में। इसका नतीजा यह हुआ कि उत्तर भारत की पिछड़ी जातियों ने अपने नेता चुन लिए। पिछले 35 साल से बिहार में अगर ओबीसी जातियों ने लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को नेता चुना है या भाजपा के सुशील मोदी उनके नेता रहे, अब भी सम्राट चौधरी नेता हैं तो अब कोई कारण नहीं है कि ओबीसी समाज कांग्रेस में भरोसा दिखाए या कांग्रेस की ओर जाए। यही स्थिति कमोबेश हर राज्य की है। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि ओबीसी जातियों ने अपनी जाति के नेता चुने हैं। इस फर्क को समझने की जरुरत है कि देश के मुसलमानों ने हिंदू नेताओं को अपना रहनुमा चुना लेकिन पिछड़ों ने किसी सवर्ण को अपना रहनुमा नहीं चुना। यहां तक कि मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने वाले वीपी सिंह अगले ही चुनाव में हाशिए पर चले गए। इसलिए इस बात की संभावना भी कम है कि पिछड़ी जातियां राहुल गांधी को नेता स्वीकार करेंगी। राहुल अपनी पहचान छिपा नहीं सकते हैं। वे इंदिरा गांधी के पोते और राजीव गांधी के बेटे हैं। उनकी पार्टी ने उनको दत्तात्रेय गोत्र का कौल ब्राह्मण बताया हुआ है। इसलिए वे चाहे जितनी बातें करें और जितने अफसोस जताएं, ओबीसी का नेता बन पाना उनके लिए मुश्किल होगा। हां, यह हो सकता है कि जिन राज्यों में प्रादेशिक पार्टियों के या भाजपा के मजबूत ओबीसी नेता नहीं हैं, वहां कांग्रेस ओबीसी नेता को आगे करके, उसे मजबूती देकर कुछ लाभ ले सकती है।

तस्वीरों की दुनिया

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से आई बाढ़ में मकान और अन्य संरचनाएं बह गईं।

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में राज्य विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार के दौरान।

इस चित्र में एआईसीसी द्वारा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा पार्टी नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में इंडिया अलायंस के फ्लोर नेताओं की बैठक के दौरान।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अन्य लोगों के साथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में भाग लेने के बाद रवाना होते हुए।

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसदों के साथ नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से खीरगंगा में भयंकर बाढ़ ने तबाही मचा दी। इस आपदा में अब तक 04 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज़ मार्कोस जूनियर से मुलाकात की।

हाई कोर्ट के जज को क्रिमिनल केस न देने और वरिष्ठ के साथ खंडपीठ में बैठाने के निर्देश

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के बारे में अभूतपूर्व आदेश दिया है। कोर्ट ने दीवानी विवाद में आपराधिक कार्यवाही और समन को बरकरार रखने के हाई कोर्ट न्यायाधीश के आदेश को पूर्णतः गलत करार देते हुए रद करने के साथ ही गहरी नाराजगी भी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि हाई कोर्ट के उक्त न्यायाधीश से आपराधिक मामले वापस ले लिए जाएं और उनके सेवानिवृत्त होने तक उन्हें आपराधिक मामले न सौंपे जाएं।शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से ये भी कहा है कि उन न्यायाधीश को किसी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाया जाए और यदि कभी उन्हें अकेले पीठ में भी बैठाया जाए तो भी आपराधिक मामले न सौंपे जाएं। न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने मैसर्स शिखर केमिकल्स बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य के मामले में दिया

है। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने शिखर केमिकल्स के वाणिज्यिक विवाद में आपराधिक कार्यवाही को रद करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, यह आदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की पीठ ने पारित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी विवाद में आपराधिक कार्यवाही जारी रहने को सही ठहराने वाले हाई कोर्ट के आदेश पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा खराब और गलत आदेश उन्होंने अपने न्यायाधीश के करियर में नहीं देखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाई कोर्ट के उस आदेश के पैराग्राफ 12 में दर्ज निष्कर्षों से स्तब्ध है, जिसमें हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने यहां तक कहा है कि शिकायतकर्ता से दीवानी उपाय अपनाने के लिए कहना बहुत अनुचित होगा क्योंकि दीवानी मुकदमों में लंबा समय लगता है। इसलिए शिकायतकर्ता को वसूली के लिए आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की अनुमति दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट से अपेक्षा की जाती है कि उसे कानून की तय स्थित का ज्ञान होगा कि दीवानी मामलों में आपराधिक कार्यवाही की इजाजत नहीं दी जा सकती क्योंकि ऐसा करना प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। लेकिन हाई कोर्ट के आदेश से निष्कर्ष निकलता है कि दीवानी मामले में शिकायतकर्ता द्वारा आपराधिक कार्यवाही शुरू करना न्यायोचित है क्योंकि दीवानी सूट के जरिये बकाया धन की वसूली में काफी समय लग सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में उसके पास उस आदेश को रद करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का आदेश रद करते हुए मामला वापस नए सिरे से तय करने के लिए हाई कोर्ट को भेज दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से अनुरोध किया है कि वह इस मामले को अब किसी और न्यायाधीश को सुनवाई के लिए सौंपे।

इस मामले में हाई कोर्ट ने मेसर्स शिखर केमिकल्स की वाणिज्यिक लेने-देन से उत्पन्न विवाद में आपराधिक कार्यवाही रद करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद शिखर केमिकल्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।इस मामले में याचिकाकर्ता फर्म को 5234385 रुपये मूल्य का धागा आपूर्ति किया गया था। जिसका कथित तौर पर 4775000 रुपये का भुगतान किया गया और बाकी का भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष आपराधिक विश्वास भंग के लिए शिकायत दर्ज कराई गई।मजिस्ट्रेट ने कंपनी की प्रोपराइटर को आइपीसी की धारा 406 विश्वास भंग के तहत समन किया। इसके बाद कंपनी ने वाणिज्यिक विवाद के मामले में आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की और केस रद करने की मांग की थी। जिसे हाई कोर्ट ने उक्त आदेश में खारिज कर दिया था।हाई कोर्ट ने कहा था कि शिकायतकर्ता को दीवानी मुकदमा चलाने के लिए बाध्य करना बहुत अनुचित होगा क्योंकि दीवानी मुकदमे को समाप्त होने में वर्षों लग जाते हैं। इसलिए आपराधिक मुकदमा चलाना उचित है।

भारत जैसे मजबूत सहयोगी से संबंध न बिगाड़ें, निक्की हेली ने ट्रंप की टैरिफ नीति पर किया कटाक्ष

न्यूयार्क। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका को चीन को खुली छूट देकर भारत जैसे मजबूत सहयोगी देश के साथ अपने संबंधों को बिगाड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस से तेल खरीदने पर भारत पर भारी टैरिफ लगाने के खिलाफ अपनी राय देते हुए यह कहा है।निक्की हेली ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए, तो चीन जो एक प्रतिकूल देश और रूसी और ईरानी तेल का नंबर एक खरीदार है। आखिर चीन को 90 दिन का टैरिफ स्थगन क्यों मिला है। उन्होंने कहा, विरोधी देश चीन को कोई छूट नहीं दें और भारत जैसे अमेरिका के मजबूत सहयोगी देश से संबंधों को बिल्कुल नहीं बिगाड़ना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रहीं निक्की हेली दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हैं। वह अमेरिका प्रशासन में कैबिनेट स्तर की पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बनीं थीं। 2013 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की और पिछले साल मार्च में दौड़ से हट गई थीं। उनकी टिप्पणियां ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और घोषणा की कि वह भारत पर अत्यधिक टैरिफ बढ़ाएंगे क्योंकि नई दिल्ली रूसी तेल खरीद रही है और युद्ध मशीन को ईंधन दे रही है। भारत ने अमेरिका और यूरोपीय संघ पर रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए नई दिल्ली को अन्यायपूर्ण और असंगत रूप से लक्षित करने के लिए असमान्य रूप से तीखा पलटवार किया।

पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगा सकते हैं प्रदूषण बोर्ड इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला बरकरार रखा

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में पर्यावरणीय क्षति के लिए क्षतिपूर्ति और प्रतिपूरक क्षतिपूर्ति लगाने के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारों को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा है कि जहां तक पर्यावरणीय व्यवस्था की बात है तो इसके केंद्र में दो अहम बातें रोकथाम और उपचार शामिल होनी चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जल एवं वायु अधिनियमों के प्रावधानों के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संवैधानिक और वैधानिक दोनों रूप से वास्तविक या संभावित पर्यावरणीय क्षति के लिए क्षतिपूर्ति लगाने के लिए सशक्त हैं।जस्टिस नरसिम्हा ने फैसले में लिखा, भारतीय पर्यावरण कानूनों को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों पर विचार करने के बाद हमने माना है कि पर्यावरण नियामक - प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल एवं वायु अधिनियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निश्चित धनराशि के रूप में प्रतिपूरक या क्षतिपूर्ति लागू कर सकते हैं या संभावित पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए पूर्व-उपाय के रूप में

बैंक गारंटी प्रस्तुत करने की आवश्यकता लागू कर सकते हैं। फैसले में कहा गया कि ये शक्तियां जल एवं वायु अधिनियमों की धारा 33 ए और 31ए के तहत प्रदत्त शक्तियों के अतिरिक्त और सहायक हैं। साथ ही, हमने निर्देश दिया है कि इन शक्तियों का प्रयोग अधीनस्थ विधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाना चाहिए जिसमें प्राकृतिक न्याय और पारदर्शिता के आवश्यक सिद्धांतों को शामिल किया गया हो।हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि इस तरह के हजनि आपराधिक दंड से भिन्न होते हैं क्योंकि ये दीवानी प्रकृति के होते हैं और इनका उद्देश्य उल्लंघनकर्ताओं को दंडित करने के बजाय पर्यावरणीय क्षति को रोकना होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 के दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की मांग करने की शक्तियों को सीमित कर दिया गया था।

इस फैसले ने प्रदूषणकर्ता भुगतान करे और एहतियाती सिद्धांतों को पर्यावरण कानून के केंद्रीय सिद्धांतों के रूप में पुष्ट किया। कोर्ट ने कहा, पर्यावरण नियामकों का यह अनिवार्य कर्तव्य है कि वे वास्तविक पर्यावरणीय क्षति की परवाह किए बिना निवारक उपाय अपनाएं और उन्हें लागू करें। इन नियामकों द्वारा पूर्व-निर्धारित कार्रवाई की जानी चाहिए और इस उद्देश्य के लिए जल एवं वायु अधिनियम की धारा 33 ए और 31ए के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक निश्चित उपाय आवश्यक है।

बरनाला में हनुमान मंदिर में सिलेंडर फटने से लगी आग, 15 झुलसे, 7 की हालत गंभीर

बरनाला। जिला बरनाला के नजदीकी कस्बा धनौला में श्री हनुमान जी के प्रसिद्ध मंदिर बाबा बरनेवाला में मंगलवार देर शाम को रसोई में सिलेंडर फटने से 15 लोग झुलस गए हैं, जिसमें से सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। इसी तहत मंगलवार को लंगर लगाया गया था, लगभग 7 बजे सिलेंडर फटने से लंगर बना रहे हलवाई के साथ काम कर रहे लोग आग की चपेट में आ गए, जिनमें इस लंगर को बना रहे मिट्ठू सिंह पुत्र सतपाल सिंह बरनाला, अति नंद बरनाला, बलविंदर सिंह बरनाला, रामजीत सिंह बरनाला, राम चंदर बरनाला, विशाल बरनाला शामिल थे, जो आग की चपेट में आ गए।जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल धनौला ले जाया गया, उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें फरीदकोट रेफर कर दिया गया।

संसद ने मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ाया राष्ट्रपति शासन, इंफाल में चलाए गए उग्रवाद विरोधी अभियान

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त के बाद छह महीने के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को संसद ने मंजूरी दे दी। पिछले सप्ताह लोकसभा द्वारा पारित प्रस्ताव को मंगलवार को राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी। बिहार की मतदाता सूची मुद्दे पर जब विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा, तो उपसभापति हरिवंश ने कहा, यह वैधानिक प्रस्ताव है। सांसदों के रूप में हम सभी को संवैधानिक प्रविधानों का पालन करना होगा। इनकी समयसीमा होती है।गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आरक्षण पर विवाद से संबंधित अदालत के आदेश के कारण मणिपुर में दो समुदायों के बीच दरार पैदा हो गई है। जो लोग इसे धार्मिक हिंसा कहते हैं, वे गलत हैं। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हुए आठ महीने हो गए हैं। हिंसा की केवल एक घटना सामने आई है। बाद में, राज्यसभा ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस वर्ष फरवरी में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पद छोड़ने के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर 29 जुलाई से चार अगस्त के बीच उग्रवाद विरोधी कई अभियान चलाए। यह अभियान मणिपुर के बिष्णुपुर, चूड़ाचंदपुर, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्वी जिलों में चलाया गया।रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 15 कैडरों को गिरफ्तार किया गया। 69 हथियार, 16 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, ग्रेनेड, गोला-बारूद, रेडियो सेट और अन्य सामान बरामद किया गया। इसमें लूटे गए हथियार, शामिल हैं।

पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी को तगड़ा झटका, नौ सांसद अयोग्य घोषित

इस्लामाबाद, 06 अगस्त [एजेंसी]।

पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नौ सांसदों को अयोग्य घोषित कर दिया, जिनमें संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। ये सांसद नौ मई 2023 के दंगा मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित किए गए हैं।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख इमरान खान के समर्थकों ने नौ मई, 2023 को इस्लामाबाद में उनकी गिरफ्तारी के बाद हिंसा का सहारा लिया और सैन्य प्रतिष्ठानों और राज्य के स्वामित्व वाली इमारतों में तोड़फोड़ की थी।घटना के बाद इमरान खान सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं और दर्जनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से एक मामले में पिछले हफ्ते फैसलाबाद की एक अदालत ने 100 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई। जिन लोगों को दोषी ठहराया गया, उनमें नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज शामिल हैं। संसद सदस्य जरताज गुल, हामिद रजा, शेख राशिद शफीक, कंवल शौजाब, फराह आगा, राय हैदर खरास और मुहम्मद अहमद चट्ठा को भी दोषी पाया गया। सभी नौ सांसदों को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

रॉयटर के अनुसार, पाकिस्तान में पुलिस ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर रहे मुख्य विपक्षी दल के 240 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारी जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग कर रहे थे।

मध्य प्रदेश में पांच वर्ष में लव-जिहाद के 283 प्रकरण दर्ज, महिलाओं को लक्ष्य बनाकर किया जाता है शोषण

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने विधानसभा में बताया कि 2020 से लेकर अब तक प्रदेश में लव-जिहाद के 283 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 18 वर्ष से कम उम्र की 73 किशोरियां लव-जिहाद की शिकार हुई हैं। सर्वाधिक 55 प्रकरण इंदौर में दर्ज किए गए हैं। दूसरे नंबर पर भोपाल में 33। मुख्यमंत्री ने बताया कि लव-जिहाद के प्रकरणों को रोकने के लिए मप्र धार्मिक

स्वतंत्रता अधिनियम 27 मार्च 2021 से लागू किया गया है। उन्होंने यह जानकारी विधायक आशीष गोविंद शर्मा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।बताया कि असुरक्षित बालिकाओं/ महिलाओं को लक्ष्य बनाकर उनका शोषण करने एवं भय या दबाव पूर्वक मतांतरण करने की घटनाओं की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय ने चार मई 2025 को राज्य स्तरीय एसआइटी का गठन किया है। पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।

राजस्थान में फिलीपींस की महिला से दुष्कर्म, इवेंट मैनेजर ने डिनर के बहाने होटल में बनाया शिकार

जयपुर। राजस्थान के बीकानेर में एक विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता फिलीपींस की निवासी है। पीड़िता इन दिनों वर्किंग वीजा पर भारत आई हुई है।वह व्यापार मेलों सहित अन्य इवेंट का काम करती है। पिछले कुछ दिनों से अपने काम के सिलसिले में पीड़िता बीकानेर के एक अपार्टमेंट में किराए का फ्लैट लेकर रह रही है।आरोपित दीनदयाल गौड़ भी व्यापार मेलों एवं इवेंट मैनेजमेंट के काम से जुड़ा हुआ है। इस कारण दोनों का परिचय हुआ। दो अगस्त को देर शाम आरोपित ने पीड़िता से शहर के एक होटल में रात्रिभोज साथ करने का आग्रह किया। पीड़िता ने आरोपित का आग्रह स्वीकार कर लिया। होटल में आरोपित ने पीड़िता पर दबाव बनाकर जबरन दुष्कर्म किया। आरोपित के स्थानीय होने के कारण पीड़िता ने एक दिन किसी को इस बारे में नहीं बताया, लेकिन हिम्मत करके सोमवार शाम को वह बिछवाल पुलिस थाने पहुंची और दीनदयाल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मेडिकल जांच करवाई गई है। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता के भी बयान लिए गए हैं।

बांग्लादेश तिहरे हत्याकांड में सलाहकार की संलिप्तता उजागर, तीन लोगों की दिनदहाड़े कर दी गई थी हत्या

ढाका। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार समर्थित हिंसा का एक और सुबूत सामने आया है। एक महिला ने दावा किया है कि हाल में हुई उसकी मां और भाई-बहन की हत्या में अंतरिम सरकार के स्थानीय सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां के पिता का हाथ है। घटना तीन जुलाई की है। कुमिला जिले में हुई इस वारदात में रूमा अख्तर चाकू लगने से घायल हो गई थीं। वहीं, उनकी बहन तस्सिया जोनाकी, भाई मोहम्मद रसेल, और उनकी मां रुक्साना अख्तर रूबी की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।सोमवार को ढाका में रूमा ने आसिफ महमूद के पिता बिलाल मास्टर की गिरफ्तारी की मांग उठाई और आरोप लगाया कि इस

तिहरे हत्याकांड में वो शामिल थे। उन्होंने बंगरा बाजार पुलिस स्टेशन में 33 नामजद और 25 अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।बांग्लादेश के प्रमुख अखबार द डेली स्टार के अनुसार, रूमा हत्या वाले दिन कई बार 999 डायल करके पुलिस से मदद मांगी।

लेकिन, पुलिस की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उनके परिवार और उनके कुछ पड़ोसियों के बीच एक इमारत के निर्माण को लेकर विवाद शुरू हुआ था। स्थानीय यूनियन परिषद के अध्यक्ष शिमुल बिश्वास ने काम का ठेका मांगा था, लेकिन उनके परिवार ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। रूमा ने आरोप लगाया कि शिमुल ने जान से मारने की धमकी दी। उनके परिवार के सदस्यों की हत्या में शामिल शिमुल को बिलाल हुसैन का समर्थन प्राप्त था, इसलिए उसे अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पंचायत सेवक सरकारी नौकरी से बर्खास्त... 20 करोड़ की बनाई संपत्ति, पत्नी और पिता के खाते में भेजा मनरेगा के लाखों रुपये



भागलपुर। भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड के सैनी पंचायत में कार्यरत पंचायत रोजगार सेवक छट्ठू दास को उपविकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने अनुबंध को तत्काल प्रभाव से रद करते हुए बर्खास्त कर दिया है। ईशाकचक के संतोष कुमार ने छट्ठू दास पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, मनरेगा योजना में अपने पिता कैलाश दास के नाम पर फर्जी वेंडर निशांत ट्रेडर्स बनाकर योजनाओं में अनियमितता बरतने और 20 करोड़ से अधिक की राशि अवैध तरीके से अर्जित करने का आरोप लगाया था। इस मामले को दैनिक जागरण ने 29 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उपविकास आयुक्त ने मामले की जांच डीआरडीए निदेशक और कार्यपालक अभियंता मनरेगा से कराई। साथ ही, कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीशपुर के खिलाफ की गई शिकायत की जांच वरीय कोषागार पदाधिकारी और डीआरडीए निदेशक द्वारा की गई।

दोनों जांच रिपोर्ट में पाया गया कि छट्ठू दास ने 13 स्थानों पर जमीन खरीदने से संबंधित आरोपों की पुष्टि की गई।जांच में यह भी सामने आया कि कई डीड उनके माता-पिता और पत्नी के नाम पर हैं, जबकि कुछ डीड उनके नाबालिग बेटों के नाम पर हैं। कुल मिलाकर, इन संपत्तियों की कीमत 59,06,000 रुपये है। निशांत ट्रेडर्स से प्राप्त राशि छट्ठू दास और उनकी पत्नी सुनीता देवी के संयुक्त खाते में जमा की गई। छट्ठू दास ने स्वीकार किया कि निशांत ट्रेडर्स के मालिक उनके पिता हैं। जांच के दौरान, दास और उनके परिवार द्वारा खरीदी गई जमीनों के आय के स्रोतों का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। नाबालिग बेटों के नाम पर खरीदी गई जमीनें भी जांच का विषय बनीं।इन तथ्यों के आधार पर, उपविकास आयुक्त ने छट्ठू दास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि उन्होंने अपने पदीय दायित्वों का उल्लंघन किया है। इस कारण उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

एक से मिली राहत तो सत्येंद्र जैन का दूसरा घोटाला आया सामने 674 करोड़ के भ्रष्टाचार में एलजी से सीबीआई जांच की शिफारिश

नईदिल्ली, 06 अगस्त [एजेंसी]।

कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत से राहत मिलने के एक दिन बाद ही पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एक अन्य विवाद में सामने आ गए हैं।दिल्ली सरकार ने लोकनायक अस्पताल के 22 मंजिला नए ब्लॉक के बनाए जाने में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच के लिए फाइल एलजी वीके सक्सेना के पास भेज दी है। इसमें आरोप लगाया गया है कि लोकनायक अस्पताल में जिस इमारत का अनुबंध 465 करोड़ का किया गया था, एक साजिश के तहत बार-बार बदलाव कर इसकी लागत 1139 करोड़ तक पहुंचा दी गई।इस मामले में एक साल पहले उपराज्यपाल द्वारा गठित की गई समिति ने सवाल उठाए हैं। समिति ने कई अन्य तरह के भी आरोप लगाए गए हैं। जिसकी रिपोर्ट आने पर दिल्ली सरकार ने अब फाइल भेज कर एलजी से इस मामले में सीबीआई से जांच की सिफारिश की है। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह एक बड़ा घोटाला है जो बहुत सफाई के साथ किया गया है, जांच होने पर आरोपित बच नहीं पाएंगे।वर्मा ने कहा है कि पूर्व लोक निर्माण मंत्री जैन ने नियमों को दरकिनार कर इसमें बदलाव करवाए। वह

निरीक्षण करने जाते थे और किसी मंशा के तहत बदलाव सुझाते थे, जिससे लागत बढ़ जाती थी। 674 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। इमारत के निर्माण में अतियमितताओं की बात सामने आने पर पिछले साल उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा प्रक्रियात्मक खामियों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी। समिति ने पाया है कि मूल अनुबंध राशि 465 करोड़ रुपये थी, जो लगभग 243 प्रतिशत बढ़कर 1,139 करोड़ रुपये हो गई है।पसंदीदा वास्तुकार सलाहकार का चयन एक संदिग्ध प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें अनियमितताएं बरती गईं और सामान्य वित्तीय विनियमन (जीएफआर) के प्रविधानों का घोर उल्लंघन किया गया। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के निर्णयानुसार बिना किसी निविदा के नामांकन के आधार पर मेसर्स सिक्का एसोसिएट्स को 5.27 करोड़ रुपये मूल्य के 84,420 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए परामर्श कार्य प्रदान किया गया।6 सलाहकारों को सूचीबद्ध करते समय यह विशेष रूप से ध्यान में रखा गया था कि प्रत्येक परियोजना के लिए अलग से वित्तीय बोली आमंत्रित की जाएगी, हालांकि इस शर्त का उल्लंघन किया गया और फिर जिलावार या क्षेत्रवार सलाहकारों की नियुक्ति का मनमाना निर्णय लिया गया। जिला केंद्रीय से संबंधित परामर्श कार्य के लिए 5.62 करोड़ रुपये मूल्य के 90,000 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए बोलियां आमंत्रित की गईं। परामर्शदाता को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए, क्षेत्र को गुप्त रूप से बढ़ाकर 1,62,490 वर्ग मीटर कर दिया गया, जिससे तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के निर्णय के अनुसार देय परामर्श शुल्क 5.62 करोड़ रुपये से बढ़कर 10.15 करोड़ रुपये हो गया। स्वास्थ्य मंत्री के आदेश के आधार पर, वित्त विभाग, योजना विभाग और विधि विभाग की इस टिप्पणी के बावजूद कि वैधानिक अनुपालन पूरी तरह से नहीं किया गया है, कैबिनेट नोट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया।समिति ने पाया है कि प्रभारी मंत्री के इस फैसले के कारण परियोजना में उचित परिश्रम और निगरानी प्रक्रिया बुरी तरह चरमरा गई।

वित्त विभाग द्वारा इन मुद्दों पर नौ दौर से ज्यादा परामर्श और आपत्तियों के बावजूद ऐसा किया गया।प्रभारी मंत्री के आदेश पर वैधानिक मंजूरियों और डीपीआर/डीबीआर के अभाव में कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त की गई।इस मामले में आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा और उसके भंगी एसीबी, सीबीआई और ईडी के चक्कर में पड़े हैं। वे हर दिन आप नेताओं के खिलाफ साजिश रचते हैं, बेबुनियाद और झूठे मामले तैयार करने में समय बर्बाद करते हैं और इन दिशाहीन जांचों पर करदाताओं का पैसा बर्बाद करते हैं।

ठंडा, गर्म या गुनगुना पानी, दवा लेने के लिए कौन सा पानी ज्यादा बेहतर? जानें, कहीं आप रोज तो नहीं कर रहे ये गलती?

आजकल बहुत से लोग किसी न किसी समस्या से जूझ रहे हैं. ऐसे में ज्यादातर लोग स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए दवा का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन, जब भी हम दवा लेते हैं, तो हममें से कई लोगों के मन में यह शंका होती है कि दवा ठंडे पानी के साथ लेनी चाहिए या गुनगुने पानी के साथ, यह सवाल लगभग सभी के मन में आता है. कुछ लोग बिना सोचे-समझे ठंडे पानी के साथ दवा ले लेते हैं, तो कुछ लोग गुनगुने पानी का इस्तेमाल करते हैं. बहरहाल, आज इस खबर में विशेषज्ञों से जानें कि दवा कैसे लेनी चाहिए और यह स्वास्थ्य के लिए कैसे फायदेमंद है...

दवा की प्रकृति को समझना महत्वपूर्ण है

हम आमतौर पर दवाइयां टैबलेट, कैप्सूल, सिरप या सस्पेंशन के रूप में लेते हैं. चाहे किसी भी रूप में ली जाए, शरीर में हर प्रकार की दवा का अवशोषण अलग-अलग होता है. इसलिए, विशेषज्ञ दवा की प्रकृति के अनुसार दवा लेने की सलाह देते हैं. दवा की प्रकृति ही यह निर्धारित करती है कि उसे किस तापमान पर लेना चाहिए.

एक गलती जो बहुत से लोग करते हैं

कई लोग ठंडे पानी के साथ दवाइयां लेकर बहुत बड़ी गलती कर देते हैं. आपको बता दें, जब हम दवाइयां लेते हैं तो वो पेट की बायोलॉजिकल मेम्ब्रेन में अवशोषित हो जाती हैं. ऐसे में दवाइयों में मौजूद तत्वों के अच्छे से अवशोषित होने के लिए पेट के इंटरनल एनवायरमेंट, जिसमें पेट और आंतों का तापमान भी शामिल है, का सही होना बहुत जरूरी है. जब लोग ठंडे पानी के साथ दवाइयां लेते हैं तो इससे शरीर का आंतरिक तापमान कम हो जाता है. इससे दवाइयों की घुलनशीलता कम हो जाती है. जब लोग ठंडे पानी के साथ दवाइयां लेते हैं तो शरीर ली गई दवा के प्रोसेस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता है और अपनी सारी एनर्जी पानी के तापमान को सामान्य करने में खर्च कर देता है. ऐसे में बता दें कि ठंडे पानी के साथ दवाइयां लेने से दवाइयों का असर कम हो जाता है.

क्या ठंडे पानी के साथ दवा लेना हानिकारक है?

ठंडे पानी के साथ दवा लेने के नुकसान जानने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है. इसके नुकसान को साबित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं. लेकिन ठंडे पानी के साथ दवा लेने से बचना चाहिए, ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर इंजेक्शन की तुलना में दवा की सामग्री को आवश्यक स्थान तक पहुंचने में अधिक समय लगता है. दवाइयों के अवशोषित होने से पहले, ठंडे पानी को शरीर के तापमान पर लाना आवश्यक है. यह प्रोसेस दवाइयों के अवशोषण में और देरी करती है.

सर्दी या गले में खराश

गले में खराश, खांसी या सर्दी होने पर डॉक्टर आमतौर पर गुनगुने पानी से गरारे करने और दवा लेने की सलाह देते हैं, क्योंकि गुनगुने पानी गले को आराम देता है और दवा लेना आसान बनाता है, जबकि ठंडा पानी गले में जलन और बेचैनी पैदा कर सकता है. कुछ दवाएं गुनगुने पानी के साथ लेने पर तेजी से असर करती हैं.

दवा लेने का सही तरीका क्या है?

दवा लेने के लिए सादा या कमरे के तापमान वाला पानी (गुनगुना पानी) पीना आमतौर पर सबसे अच्छा ऑप्शन है, क्योंकि यह दवा के अवशोषण में मदद करता है और शरीर के लिए सौम्य होता है, जबकि अत्यधिक ठंडा पानी कुछ दवाओं के असर को धीमा कर सकता है.

हम अक्सर डॉक्टरों को गुनगुना पानी या सादे पानी के साथ दवा लेने की सलाह देते सुनते हैं. ऐसा इसलिए है क्योंकि गुनगुने पानी के साथ दवा लेने से यह पेट में आसानी से घुल जाती है और आपके पेट और आंतों में पर्याप्त गर्मी बनी रहती है. इससे दवा का अवशोषण भी बेहतर होता है. साथ ही, दवा जल्दी असर दिखाने लगती है.

ध्यान रहें, गुनगुने पानी के साथ दवा लेना सभी दवाओं के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता है, विशेष रूप से उन दवाओं के लिए जिन्हें धीमी गति से अवशोषित करने की आवश्यकता होती है.

समंदर किनारे एक्ट्रेस आरती सिंह ने लगाई आग

टीवी की मशहूर अदाकारा एक्ट्रेस आरती सिंह अक्सर अपनी फोटोज से इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट बिकिनी फोटोज शेयर की, जिससे सोशल मीडिया पर आग लग गया. लोग उनकी फोटोज पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं. फोटोज में आरती अपनी टोन्ड बॉडी को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं.

एक्ट्रेस आरती सिंह ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हैं. फोटोज में एक्ट्रेस को बिकिनी में देखा जा सकता है. हॉट अवतार में समंदर किनारे आरती बेहद ही खूबसूरत और बोल्ड लग रही हैं.

पोस्ट करते ही उनकी ये तस्वीरें वायरल हो गई. कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी खूब तारीफें कर रहे हैं. एक्ट्रेस ने ये फोटोज अपने मालदीव वेकेशन से शेयर की हैं. फैंस इसपर जमकर प्यार लुटा रहे हैं.

इस फोटोज में आरती ग्रीन स्लीपलेस स्विमसूट में कहर ढा रही हैं. स्टाइलिश पोज देते कड़ी आरती का लुक हर किसी का दिल जीत ले रहा है.

सोशल मीडिया पर आरती सिंह ने ऐसी अपनी कई फोटोज शेयर की हैं. इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने स्विमसूट को व्हाइट स्कर्ट के साथ पेयर किया है. सनग्लासेस पहने वो काफी हॉट लग रही हैं.

बता दें कि आरती सिंह ने बॉयफ्रेंड दीपक चौहान से 25 अप्रैल 2024 को मुंबई के इस्कॉन मंदिर में शादी की थी. आरती सुपरस्टार गोविंदा की भांजी और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की बहन भी लगती हैं.

बता दें कि आरती सिंह ने बॉयफ्रेंड दीपक चौहान से 25 अप्रैल 2024 को मुंबई के इस्कॉन मंदिर में शादी की थी. आरती सुपरस्टार गोविंदा की भांजी और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की बहन भी लगती हैं.

सोशल मीडिया पर आरती काफी एक्टिव रहती हैं. यहां वो अक्सर अपनी तस्वीरें और विडियोज शेयर करती रहती हैं. उनकी तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो जाती हैं.

टीवी की दुनिया में अपने शानदार किरदार से आरती हर किसी का दिल जीत चुकी हैं. आरती सिंह अब तक कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं. उन्होंने मायका, गृहस्थी, थोड़ा है बस थोड़े की जरूरत है, परिचय, उतरन, देवों के देवम्महादेव और ससुराल सिमर का में काम किया है.

सन ऑफ सरदार 2 समेत इन फिल्मों का चटाई धूल

होम्बले फिल्म्स की महावतार यूनिवर्स की पहली फिल्म महावतार नरसिम्हा दूसरे वीकेंड पर धूम मचा दी है. अक्षिन कुमार की निर्देशित इस एनिमेटेड फिल्म ने अपने रिलीज के दूसरे वीकेंड पर सैयारा, सन ऑफ सरदार 2 जैसी कई फिल्मों पर भारी पड़ी और सभी नई रिलीज फिल्मों से ज्यादा कमाई की.

बॉक्स ऑफिस पर महावतार नरसिम्हा के अलावा सैयारा, सन ऑफ सरदार 2, किंगडम, धड़क 2 समेत कई नई फिल्म रन कर रही हैं. लेकिन अगस्त के पहले रविवार को महावतार नरसिम्हा की आंधी में ये सभी फिल्में पस्त हो होती दिखीं. 3 अगस्त को महावतार नरसिम्हा देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक देखने को पहुंचे. फिल्म को दर्शकों से खूब प्यार मिल रहा है. इस अंदाजा फिल्म के कलेक्शन से लगाया जा सकता है. 25 जुलाई रिलीज हुई महावतार नरसिम्हा ने दूसरे रविवार को बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की. पहली बार फिल्म ने 20 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की है. यह फिल्म अबतक की सबसे ज्यादा कमाई है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने पहले सप्ताह में 44.75 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं, दूसरे शुक्रवार को 7.7 करोड़ का बिजनेस किया. दूसरे शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी उछाल देखा गया. फिल्म ने 15.4 करोड़ रुपये का बिजनेस की. वहीं, रविवार को इसने पहली बार 23.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इन 10 दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 91.25 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, मेकर्स ने बताया कि फिल्म महावतार नरसिम्हा ने भारत में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, दिव्य शक्ति से पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए.महावतार नरसिम्हा ने भारत में 105 करोड़ से ज्यादा की कमाई पार कर ली है।

खाना बनाने के अलावा इन 5 कामों के लिए माइक्रोवेव का किया जा सकता है इस्तेमाल

आमतौर पर माइक्रोवेव का इस्तेमाल खाना गर्म करने के लिए किया जाता है, लेकिन यह एक खास उपकरण है। माइक्रोवेव की मदद से आप कई ऐसे काम भी कर सकते हैं, जिनके बारे में शायद ही किसी को पता हो। इस लेख में हम आपको माइक्रोवेव से जुड़े कुछ अनोखे और उपयोगी टिप्स बताएंगे, जिन्हें जानकर आप अपने रोजमर्रा के जीवन को और भी आसान बना सकते हैं।

नींबू का रस निकालें

नींबू का रस निकालना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, खासकर जब नींबू ठंडा हो। इसे आसान बनाने के लिए आप नींबू को पहले माइक्रोवेव में 5-10 सेकंड के लिए गर्म कर सकते हैं। इससे नींबू का रस आसानी से निकलता है और आपको ज्यादा ताकत लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह तरीका खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो रसोई में समय बचाना चाहते हैं और खाना जल्दी तैयार करना चाहते हैं।

मसालों को भूनें

भारतीय खाना बनाने में मसालों का अहम योगदान होता है और उन्हें सही तरीके से भूनना जरूरी है ताकि उनका स्वाद बढ़ सके। इसके लिए आप मसालों को एक प्लेट में रखकर माइक्रोवेव में हल्की गर्मी पर 1-2 मिनट तक भून सकते हैं, जिससे उनका खुशबू बढ़ जाएगा और स्वाद भी अच्छा होगा। यह तरीका खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो रसोई में समय बचाना चाहते हैं और खाना जल्दी तैयार करना चाहते हैं।

बेकिंग करें

माइक्रोवेव का इस्तेमाल बेकिंग करने में भी किया जा सकता है। अगर आपके पास माइक्रोवेव ओवन है तो आप इसे बेकिंग मोड पर सेट करके बेकिंग कर सकते हैं जैसे कि केक, कुकीज आदि। इससे आपको पारंपरिक ओवन की जरूरत नहीं पड़ेगी और बेकिंग भी आसान हो जाएगी। यह तरीका खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो रसोई में समय बचाना चाहते हैं और खाना जल्दी तैयार करना चाहते हैं।

सब्जियों को जल्दी पका लें

सब्जियों को पकाने में अक्सर समय लगता है, लेकिन माइक्रोवेव की मदद से आप इसे आसान बना सकते हैं। बस सब्जियों को धोकर काट लें और एक बर्तन में पानी डालकर ढक दें, फिर इसे माइक्रोवेव में 2-3 मिनट तक मध्यम गर्मी पर रखें। इससे आपकी सब्जियां जल्दी तैयार हो जाएंगी और उन्हें पकाने में कम समय लगेगा। यह तरीका खासतौर पर व्यस्त लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है, जो जल्दी खाना बनाना चाहते हैं।

पानी गर्म करें- अगर आपको चाय या कॉफी बनाने के लिए गर्म पानी चाहिए तो इसके लिए भी माइक्रोवेव का इस्तेमाल कर सकते हैं। बस एक कप में आवश्यक मात्रा में पानी लेकर माइक्रोवेव करें (10-15 सेकंड तक) ताकि वह गर्म हो जाए। इन सभी तरीकों से आप अपने रोजमर्रा के कामों को आसान बना सकते हैं और माइक्रोवेव का पूरा फायदा उठा सकते हैं।

घरवाली पेड़वाली पर बोलीं प्रियंवदा कांत- टीवी पर कम दिखते हैं सुपरनैचुरल कॉमेडी शो

अभिनेत्री प्रियंवदा कांत जल्द ही एण्ड टीवी के नए धारावाहिक 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका की भूमिका में नजर आएंगी। इस शो में वह पेड़वाली- यानी एक आत्मा की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि टीवी पर सुपरनैचुरल कॉमेडी वाले शो बहुत कम हैं। प्रियंवदा ने बताया कि भारतीय टेलीविजन पर सुपरनैचुरल कॉमेडी बहुत कम देखने को मिलती है और यही वजह है कि यह शो उनके लिए खास है। 'घरवाली पेड़वाली' की कहानी लतिका नामक एक आत्मा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अचानक जीवित लोगों की दुनिया में लौट आती है। वह मुख्य पात्र जीतू शर्मा की पत्नी के रूप में सामने आती है। प्रियंवदा ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, लतिका सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि इस कहानी का भावनात्मक और कथानक का केंद्र है। उसका किरदार कहानी को आगे बढ़ाता है। इस अनोखे और फ्रेश थीम वाले शो का हिस्सा बनकर मैं उत्साहित हूं।

प्रियंवदा ने बताया कि लतिका का किरदार जीवंत, कॉमेडी और चुलबुला है, जिसे निभाना उनके लिए बेहद मजेदार है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से हास्य किरदार निभाना पसंद है और यह मेरा मजबूत पक्ष है। लतिका की मजाकिया नेचर से मैं खुद को जोड़ पाती हूं, क्योंकि मुझे वास्तविक जीवन में भी मजाक करना पसंद है। इस शो में हास्य, भावनाओं, छोटे शहर के आकर्षण और देसी अंदाज का शानदार मिश्रण है। इस महीने की शुरुआत में घोषणा हुई थी कि अभिनेता पारस अरोड़ा इस शो में जीतू की भूमिका निभाएंगे। जीतू एक साधारण व्यक्ति है, जिसका जीवन असामान्य परिस्थितियों में उलझ जाता है। उसे दो माताओं और दो पिताओं ने पाला है, वह दो बॉस के अधीन काम करता है और अब एक अजीब मोड़ के कारण उसकी दो पत्नियां हैं।

शब्द सामर्थ्य -131

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुखभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 130 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	ब
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		वा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

सैयारा का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी

अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा को 18 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और पहले दिन से ही यह लगातार बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। तीसरे सप्ताह में भी इस फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। आइए जानते हैं कि 17वें दिन सैयारा का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन कैसा रहा। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के 17वें दिन 8 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 299.75 करोड़ रुपये हो गया है। भारत में इस फिल्म की कमाई 300 करोड़ रुपये की ओर है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 460.15 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। बता दें, छावा के बाद सैयारा इस साल की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन चुकी है। सैयारा की कहानी की नायिका वाणी बत्रा (अनीत पड्डा) हैं, जिनका दिल टूट चुका है और होरी हैं कृष कपूर (अहान पांडे) जो अपने सपने जोड़ने निकले हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्ढों के कारण छोटी वाहनें हो रही हैं दुर्घटनाग्रस्त

बलरामपुर। राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 में बलरामपुर से राजपुर के बीच ग्राम पस्ता में कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे दिन भर में कई बार वाहन ने फंस रही है एवं दुर्घटनाएं हो रही है राष्ट्रीय राज्य मार्ग निर्माण के पूर्व 10 करोड रुपए सड़क के मरम्मत के लिए स्वीकृत किए गए हैं जिससे सड़क मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। परंतु सड़क के मरम्मत कार्य में भी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

गौरतलब है कि रामानुजगंज से अंबिकापुर के तीन खंडों में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जाना है।जिसके लिए कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा। परंतु इसके पूर्व सड़क आवगमन के लायक रहे इसके लिए 10 करोड रुपए शासन के द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। पर्याप्त राशि सड़क मरम्मत के लिए मिलने के बाद भी सड़क के मरम्मत में घोर लापरवाही बरती जा रही है। बलरामपुर से राजपुर के बीच पस्ता में मंडी बैरियर के पास, ग्रामीण बैंक के सामने अर्जुन यादव के घर के पास एवं तारलों पुल के पास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं इन गड्ढो में प्रतिदिन दिन भर में कई बार वाहने फंस रही है वहीं दुर्घटनाएं भी हो रही है परंतु उसके बाद भी सड़क के मरम्मत में घोर लापरवाही बरती जा रही है। वहीं राष्ट्रीय राज्य में मार्ग के अधिकारी भी सड़क चलने लायक रह सके इसमें विशेष रुचि नहीं ले रहे हैं। बलरामपुर से राजपुर के बीच सड़क के जर्जर हो जाने के कारण यात्री बसें 20 से 40 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय कर रही है कुछ बसें सेमरसोत प्रतापपुर होकर 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी एवं कुछ बसें वाड्फनगर होकर करीब 40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके जा रही है छोटे वाहन भी अधिकांश इन्हीं रूट से जा रही है।

कई बार हो रही है जाम की स्थिति निर्मित

आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण तिर्की ने कहा की पस्ता में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिन्हें तत्काल भरवाये जाने की आवश्यकता है परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी इसे भरवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। प्रतिदिन कई बार दुर्घटनाएं हो रही है कई बार वाहने फंस रही है।

मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सड़क के जर्जर हो जाने का छोटे चार चक्का वाहन का आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है छोटे चार चक्का वाहन एवं पिकअप प्रतिदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं कई बार वाहने फस जा रही है एवं जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है गड्ढो को तत्काल भरवाना चाहिए।

करगोड़ी में पहली बार अंतिम सोमवार को उमड़ा जनसैलाब

कोरिया/बैकुंठपुर। सावन के आखरी सोमवार पर कटगोड़ी क्षेत्र में चारो तरफ हर हर महादेव की गूंज देखी गई , कटगोड़ी के मंदिर में सनातन गौरव मंच के सदस्यों सहित भारी संख्या में ग्रामीण कांवर यात्रा में शामिल हुए और भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। कटगोड़ी के कार्यक्रम में बाबा मानस परिवार एवं सनातन गौरव मंच के संयोजक मानोज साहू की अहम भूमिका देखी गई। वही क्षेत्र के लोगो ने मिल कर जल चढ़ाया भोग भंडारे का वितरण भी किया गया । इसी दौरान पूजा करा रहे महाराज ने बताया कि सावन का आखिरी सोमवार बेहद खास होता है. क्योंकि पहला सोमवार धर्म के लिए, दूसरा सोमवार धन के लिए, तीसरा सोमवार कर्म और मोह के लिए और आखिरी सोमवार मोक्ष के लिए होता है. आज के आखिरी सोमवार की पूजा करने से भक्तों के जीवन के सभी दुख कष्ट नष्ट हो जाते हैं.

विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को करना होगा काम

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 -26 को श्रजत जयंती वर्षश् के रूप में 15 अगस्त से 31 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे राज्य में गौरव, आत्मावलोकन और संकल्प के साथ विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।

इसी क्रम में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागवार प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा साझा की। बैठक में शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में रजत जयंती वर्ष के आयोजनों को स्थानीय पर्व-त्योहारों और सामाजिक-सांस्कृतिक अवसरों से जोड़ते हुए जनभागीदारी बढ़ाने पर बल दिया गया। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे किसान, विकासखंड, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर अपने-अपने कार्यक्रमों की कार्ययोजना निर्धारित समय-सीमा में तैयार करें और विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, उद्यमियों, हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। शासन से प्राप्त मुख्य प्रस्तावित गतिविधियों में 15 अगस्त से 19 अगस्त तथा 1 से 6 नवम्बर के बीच संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, लोकनृत्य महोत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता सहित सभी सांस्कृतिक उत्सवों को रजत जयंती थीम पर आयोजित किया जाएगा। 28 अगस्त से 31 अगस्त तथा 1 से 7 सितंबर के बीच स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बाल पंचायत, एआई साक्षरता सप्ताह, एलुमिनाई मीट, पुस्तक वाचन दिवस, टीकाकरण अभियान, महतारी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 20 से 27 अगस्त के बीच पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी व 8 से 23 सितंबर को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग टेक फेस्ट, जॉब फेयर, सेमिनार, रजत जयंती पुस्तक मेला जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को जोड़ेगा। 1 से 21 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान मेला, हेल्थ क्विज, मेगा हेल्थ कैंप, अंगदान एवं रक्तदान महोत्सव आयोजित होंगे। वहीं 22 से 30 सितंबर के बीच उद्योग विभाग द्वारा कौशल प्रशिक्षण, आईटी, सीएसआर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा और 1 से 12 अक्टूबर के बीच खेलकूद व युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जाएगा। 13 से 26 अक्टूबर के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभा, ग्राम स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता, महिला उद्यमिता मेला और रजत जयंती पंचायत समान जैसे आयोजन होंगे। 27 से 31 अक्टूबर के बीच नगरीय प्रशासन विभाग रजत जयंती वाटिका, शहर समागम, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली सजावट प्रतियोगिता और गणेश-दुर्गा उत्सवों को रजत जयंती थीम से जोड़ेगा। 17 से 30 नवम्बर श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर, कौशल विकास प्रशिक्षण। 1 से 16 नवम्बर के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविधान दिवस, हर घर तिरंगा, साफ-सफाई आदि का आयोजन किया जाएगा। 17 से 30 नवम्बर के बीच कृषि विभाग किसान मेला, नमो ड्रोन दीदी प्रतियोगिता, महिला किसान सम्मेलन, श्री अन्न उत्सव, हर्बल मेला तथा पक्षी महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगा। 1 से 7 दिसंबर वन ब पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम, 8 से 21 दिसंबर के बीच पर्यटन से सम्बंधित कार्यक्रम। 22 से 31 दिसंबर के बीच नवाचार और सुशासन की पहल के लिए अधिकारियों के लिए ब्रेनस्टारमिंग सेशन, 1 से 11 जनवरी 2026 गृह विभाग सड़क सुरक्षा माह, एक शाम शहीदों के नाम, कैदियों द्वारा उत्पाद प्रदर्शन और साइबर सुरक्षा अभियान चलाएगा। 12 से 18 जनवरी 2026 जनसंपर्क विभाग छत्तीसगढ़/25 वर्ष पर आधारित वेब सीरीज, पॉडकास्ट, ब्रेकफास्ट सीरीज, सोशल मीडिया कैंपेन आदि से आमजन को जोड़ेगा। इसके अलावा समाज कल्याण, खाद्य विभाग, जल संसाधन, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग जनजातीय गौरव दिवस, युवा संवाद, मोबाइल वेन द्वारा प्रचार जैसे कार्यक्रम चलाएगा।

ऑनलाइन दोस्ती बनी जाल, पटना में ब्लैकमेलिंग और बलात्कार का मामला

सूरजपुर। चांदनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद ब्लैकमेलिंग और बलात्कार का शिकार होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, 2023 में उसकी दोस्ती पटना, बिहार के चिंतामणी से हुई थी। आरोपी ने उसे बिहार में एक सफल अभिनेत्री-गायिका बनाने और हर महीने 1.5 लाख देने का लालच दिया। आरोपी के झांसे में आकर महिला पटना गई, जहाँ चिंतामणी ने उसे एक किराए के कमरे में ले जाकर उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसने महिला के साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करते हुए बलात्कार किया। करीब एक महीने बाद, महिला किसी तरह बचकर अपने घर लौट आई। इसके बाद आरोपी ने फोन पर महिला से पैसे की मांग शुरू कर दी और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वह अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। डरकर महिला फिर से पटना गई, जहाँ आरोपी ने उसके साथ दोबारा बलात्कार किया। इस बार उसने महिला के अश्लील वीडियो और फोटो भी बनाए और एक फर्जी आईडी से उन्हें वायरल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर चांदनी थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार के पटना में दबिश दी और 35 वर्षीय आरोपी चिंतामणी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वीडियो बनाने और वायरल करने में इस्तेमाल किया गया एक लैपटॉप और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रूपेश कुंतल सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

सब्जी में छिपकली गिरने से फूड पॉइजनिंग, एक ही परिवार के चार लोग अस्पताल में भर्ती

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से फूड पॉइजनिंग का एक मामला सामने आया है। हरिगवां गांव में एक परिवार के चार सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनकी तबीयत रात के खाने के बाद बिगड़ गई थी। बताया जा रहा है कि बीती रात परिवार के लिए चने की सब्जी बनाई गई थी, जिसमें गलती से एक छिपकली गिर गई। इस बात से अनजान, परिवार के तीन बच्चों सहित कुल चार लोगों ने वह सब्जी खा ली। खाना खाने के कुछ देर बाद ही सभी की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखने लगे। इसके बाद, परिवार के लोगों को तुरंत वाड्फनगर के सिविल अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

छत्तीसगढ़ की पुनरीक्षित हॉफ बिजली बिल योजना से 31 लाख उपभोक्ताओं को राहत

सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाया गया ठोस कदम

कोरिया। छत्तीसगढ़ सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने वाली हॉफ बिजली बिल योजना में संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है। इससे राज्य के 31 लाख सामान्य और कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पूर्ववत मिलता रहेगा। गौरतलब है कि राज्य में कुल लगभग 45 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी 31 लाख उपभोक्ताओं की मासिक बिजली खपत 100 यूनिट से कम है। इनमें से 15 लाख बीपीएल परिवारों को पहले की तरह 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा मिलती रहेगी। साथ ही, वे हॉफ बिजली बिल योजना के अन्य लाभों से भी यथावत लाभान्वित रहेंगे। सरकार द्वारा ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को भी गति दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने पर उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकारों से संयुक्त रूप से अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। योजना के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं- 1 किलोवाट क्षमता वाले प्लांट से प्रति माह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर 45,000 की कुल सब्सिडी दी जाती है। उपभोक्ता को केवल 15,000 वहन करना होता है, 2 किलोवाट प्लांट से औसतन 240 यूनिट बिजली उत्पादन संभव है। इसमें 90,000 रु. तक सब्सिडी मिलती है और उपभोक्ता को 30,000 रु. खर्च करना होता है, 3 किलोवाट प्लांट से औसतन 360 यूनिट उत्पादन होता है, जिस पर 1.08 लाख रुपये की सहायता मिलती है। इसमें उपभोक्ता अंश 72,000 रुपये होता है, जिसे ऋण सुविधा से चुकाया जा सकता है। विशेष बात यह है कि 2 किलोवाट या अधिक क्षमता वाले सौर प्लांट 25 वर्षों तक प्रति माह 200 यूनिट से अधिक बिजली उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं, जो हॉफ बिजली बिल योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट से भी ज्यादा है। इससे उपभोक्ता बिजली खर्च से मुक्त हो सकते हैं और अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल सस्ती बिजली, स्थायी बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में रणनीतिक कदम है। इससे उपभोक्ता योजना पर निर्भर न रहकर स्वयं श्उर्जादाताश् बन सकेंगे। यह राज्य को स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मजबूती प्रदान करेगा।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु टीम के सुदृढ़ीकरण के लिए की समीक्षा

कोरिया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु टीम के सुदृढ़ीकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने की। बैठक में राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में जिले में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाए तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया जाए, जिससे समय पर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शून्य से छह सप्ताह के नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग की जाए तथा जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा सुनिश्चित की जाए।

संस्कार अग्रवाल बने अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष

राजधानी रायपुर में मिला महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा और पटका से सम्मान

सूरजपुर। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा सालासर बालाजी धाम वीआईपी रोड़ रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा बैठक-शपथ ग्रहण समारोह, प्रांतीय सम्मेलन-सम्मान समारोह का यह गरिमामय कार्यक्रम 27 व 28 जुलाई को प्रदेश की राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय भव्य सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मंच से सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व आईएएस एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी के साथ ही समाज के प्रमुख वरिष्ठों के हाथों सूरजपुर के नवनियुक्त युवा जिलाअध्यक्ष संस्कार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस नियुक्ति और सम्मान हेतु युवा संस्कार अग्रवाल ने कहा की मुझ जैसे एक छोटे से युवा कार्यकर्ता को इतने गौरवपूर्ण सम्मान दिया गया। जिसके लिए वे पूरे छत्तीसगढ़ अग्र समाज, संभागीय अग्रवाल महासभा सरगुजा, अग्रवाल सभा सूरजपुर, मारवाड़ी युवा मंच सूरजपुर, अग्रसेन समिति सूरजपुर सहित अग्रवाल समाज की सभी समाजिक संस्थाओं का आभार किया है विशेष रूप से सम्मेलन के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन, चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया, राकेश अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संभागीय महासचिव सुनील अग्रवाल (बांबी), सूरजपुर अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, मुकेश गर्ग, प्रवेश गोयल, अजय अग्रवाल(अज्जू), वरिष्ठ युवा समाजसेवी राहुल अग्रवाल(टिंकू), अंशुल गोयल बिश्रामपुर, अंकुर अग्रवाल, गौरीश जिंदल, सुमित मित्तल सहित अमित अग्रवाल चौधरी रायपुर, राजपुर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। और कहा कि वे जल्द ही पूरी मजबूती के साथ समाज के सभी युवाओं को एक साथ जोड़ कर जिला भर में सभी जगह दौरा और बैठकों के माध्यम से अपनी प्रभावी युवा कार्यकारणी टीम 2025 की घोषणा भी करेंगे। जो समाज के साथ-साथ सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। संस्कार की इस नियुक्ति से समाज के सभी युवों में काफी हर्ष व्याप्त है।

तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो युवकों को रौंदा

रायपुर। ग्राम सांकरा स्थित रोहित स्वीट्स के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक कमल कुमार नेताम 36 वर्ष लाटाबोड़ का रहने वाला था। मृतक पेशे से ट्रक ड्राइवर है। बताया जाता है कि ग्राम सांकरा स्थित रोहित स्वीट्स के पास कमल और परमानंद अपने चंपर ट्रक का टायर बदल रहे थे, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 1031 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

सूरजपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा-निर्देशन में आगामी 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में बीते दो दिनों में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। तैयारी के क्रम में 04 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में विद्युत विभाग, नगर पालिका, दूरसंचार विभाग और समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसके उपरांत 05 अगस्त 2025 को जिला न्यायालय के अधिवक्ता बार कक्ष में बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं सहित समस्त अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठकों में विशेष रूप से 13 सितम्बर 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रखे जाने एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण में अधिवक्ताओं के सहयोग को लेकर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित अभियान ''मेडिएशन फॉर द नेशन'' पर भी विशेष चर्चा हुई। यह नेशनल लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित होंगी। आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित प्रकरण एवं राजस्व प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे जाएंगे। पक्षकारों की सुविधा के लिए प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यमों से मामलों में सुलह की सुविधा प्रदान की जावेगी। बैठकों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर, के साथ प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मानवेन्द्र सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल, व्यवहार न्यायाधीश कु. रूपल अग्रवाल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा एवं समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बने खाबो-बने रहिबो अभियान के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा जांच

मिठाई दुकानों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं से लिए गए नमूने, जांच के लिए रायपुर भेजे गए

कोरिया। राज्य शासन एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम एवं सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने हेतु पूरे प्रदेश में विशेष अभियान श्बने खाबो-बने रहिबोश् चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरिया जिले में भी 4 से 6 अगस्त तक स्ट्रीट फूड वेन्डर्स, रेस्टोरेंट्स, मिठाई दुकानों एवं अन्य खाद्य प्रदायकों की सघन जांच की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मिठाई और खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र किए हैं। इनमें गणपति बिकानेर स्वीट्स, पटना से नारियल लड्डू और काजू कतली, बिकानेर स्वीट्स भंडार, आदर्श चौक, पटना से गोंद लड्डू, छप्पन भोग, जमगहना से बेसन लड्डू, मामाजी स्वीट्स से बूंदी और दिव्यांश स्वीट्स, खरवत से बेसन बर्फी शामिल हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य मिलावटी या अस्वच्छ खाद्य पर रोक लगाना है। उपभोक्ताओं को जागरूक करना भी है ताकि वे ताजे, स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। विभाग ने खाद्य विक्रेताओं को भी निर्देशित किया है कि वे व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही साफ-सुथरे बर्तनों, ताजे कच्चे माल और ढंके हुए खाद्य पदार्थों का उपयोग करें।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम जनता से अपील की है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री या अस्वच्छता की जानकारी होने पर विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

तालाब के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर। मच्छी तालाब गुढ़ियारी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी रवि कन्हार 29 वर्ष मुर्रा भट्टी गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएन 4571 को मच्छी तालाब के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जिपं की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

एमसीबी। जिले की मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया। जो कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने की जबकि उपाध्यक्ष राजेश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले की सभी प्रमुख विभागीय योजनाओं, जनहितकारी कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की गहन और व्यापक समीक्षा की गई ।

बैठक की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से की गई जिसमें मातृ एवं शिशु संरक्षण (एमसीपी) कार्ड की पहली तिमाही के पंजीयन की स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, पीपीआईयूसीडी, क्षय रोग और टीवी रोगियों की एक्स-रे सुविधा, स्कूली छात्रों को निःशुल्क चश्मा वितरण, मोतियाबिंद उपचार, सिकलसेल रोग की जांच और उपचार, एनओएचपी डेंटल ओपीडी की उपलब्ध सेवाएं, आयुष्मान कार्ड वितरण और व्यय वंदन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके पश्चात योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा विकासखंड मनेंद्रगढ़ और खड़गवां के ग्राम मझौली, जरौंधा एवं नारायणपुर में सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों की स्थिति प्रस्तुत की गई साथ ही जिले के तीनों विकासखंडों मनेंद्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर में विधायक निधि से अनुशंसित, स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जिसमें हैंडपंप उत्खनन, शेड निर्माण, नागपुर में 11 केवी बिजली पोल शिफ्टिंग कार्य जैसे कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में राशन वितरण प्रणाली की स्थिति, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही समस्याएं, भरतपुर क्षेत्र में यूरिया की कमी, सरस्वती स्कूल योजना, भूमिगत ट्रांसफार्मर की आवश्यकता, जर्जर हो चुके विद्यालय भवन, छात्रावासों की खराब स्थिति, क्रीड़ा परिसर के निर्माण एवं उपयोगिता, वन संसाधन प्रबंधन, सामुदायिक दावे एवं सामाजिक विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई । इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत, अस्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें नलजल योजना, बहुद्देशीय केंद्र निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, छात्रावासों का संचालन, पक्के घरों का निर्माण, सड़क निर्माण, विद्युतीकरण, वन धन विकास केंद्र, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, तथा मोबाइल टॉवर की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षात्मक चर्चा की गई, साथ ही सरगुजा विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की गंभीर समीक्षा की गई। इस में बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं जैसे पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी संचालन, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, किशोरी बालिकाओं हेतु पोषण आहार योजना, एवं महिला सशक्तिकरण की प्रगति को लेकर चर्चा किया गया। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित विद्यालयों की भौतिक स्थिति, छात्र संख्या, अधोसंरचना, शिक्षकों की उपस्थिति, गुणवत्ता शिक्षा की स्थिति, डिजिटल लर्निंग के प्रयास एवं पुस्तक वितरण और स्कूलों में बस्तर सरगुजा की पारम्परिक संस्कृति की एक्टिविटी जैसी योजनाओं को लेकर चर्चा किया गया।

डीलक्स बाइक का नया मॉडल लांच

कोरिया बैकुंठपुर। डिलक्स बाइक की नई वेराइटी लांच की गई है। इसमें कई फीचर दिए गए हैं।

इस लॉचिंग के मौके पर आर के हीरो के स्थानीय डीलर सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा, HF डीलक्स लाखों ग्राहकों की पहली पसंद रही है, जिसे इसकी विश्वसनीयता और माइलेज के लिए पसंद किया जाता है। अब नई HF डीलक्स प्रो के ज़रिए हमने इस भरोसे को नए डिजाइन, एडवांस्ड फीचर्स और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के साथ एक नया रूप दिया है। इसे आज के भारतीय राइडर की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। हमारी ब्रांड फिलॉसफी नए इंडियन की डीलक्स बाइक इस बात को दोहराती है कि हम हर रोज की सवारी के लिए भरोसेमंद और किफायती समाधान देते हैं जो विश्व प्रतिबद्ध हैं। HF डीलक्स प्रो अब एक नए और दमदार अवतार में सामने आई है, जिसमें रिफ्रेश्ड बॉडी ग्राफिक्स इसके लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं। अपने सेगमेंट में पहली बार इसमें क्वाउन शेप हाई-इंटेंसिटी पोजिशन लैंप के साथ एलईडी हेडलैम्प दिया गया है, जो न सिर्फ विजिबिलिटी को बेहतर करता है, बल्कि सड़क पर इसकी मौजूदगी को भी शानदार बनाता है।

शूट-बूट में आए लुटेरे ने महिला के गले से झपटी सोने की चेन

कोरबा। ग्रामीण क्षेत्र में दुकानदारी करने के दौरान सतर्कता बरतने की जरूरत है। ग्राहकों को परखने में देरी का मतलब खुद का नुकसान कराना है। रेलडबरी उतरदा में हुई घटना में एक महिला को एक लाख से ज्यादा की चपत लगी। यहां लुटेरा शूट-बूट में पहुंचा था। उसने महिला दुकानदार के गले से सोने की चेन छीनी और फरार हो गया।

इस घटना की तस्वीरें मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है जिसमें लुटेरा भागते हुए दिखाई दे रहा है। इस बारे में आसपास के लोगों को खबर की गई। बताया गया कि लुटेरे ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। खबर के अनुसार घटना के बाद वे दोनों हरदीबाजार की तरफ भाग गए। जानकारी मिली कि पाली ब्लॉक के रेलडबरी में मेनरोड पर भागबली पटेल की दुकान स्थित है। दोपहर उसकी पत्नी कुंजमती दुकान पर थी। इसी दरम्यान

काला चश्मा और शूट-बूट में एक युवक पहुंचा। उसके इरादे क्या थे, महिला इससे अनजान थी। युवक ने राजश्री देने को कहा। अगले क्षण क्या होने वाला है, इससे बेफिक्र कुंजमती ने युवक के हाथ में जैसे ही राजश्री का पाउच थमाया, युवक ने उसके गले पर हाथ डालकर सोने की चेन छीनी और वहां से निकल गया। जब तक महिला चिल्लाती और आसपास के लोग सक्रिय होते, लुटेरे का एक सहयोगी वहां बाइक लेकर पहुंचा और दोनों चंपत हो गए। उन्हें हरदीबाजार की तरफ भागते हुए देखा गया। इस घटनाक्रम के वीडियो मेनरोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना के बाद कुंजमती और उसके परिजन सहित आसपास के लोग हरकत में आए। उन्होंने यहां-वहां खोजबीन की और दो घंटे बाद हरदीबाजार पुलिस को अवगत कराया। इस मामले की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई है। बताया गया कि सोशल मीडिया ग्रुप के साथ-साथ अन्य स्तर पर घटना स्थल से भाग रहे आरोपी का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया है ताकि उसकी खोजबीन की जानी आसान हो सके।

जेल से फरार तीसरा कैदी दशरथ भी पकड़ाया

कोरबा। जिला जेल की दीवार फांद कर 2 अगस्त को फरार होने वाले चार आरोपियों में से तीसरे की भी गिरफ्तारी हो गई है। इससे पहले कल मंगलवार को दो आरोपी राजा कंवर व सरना सिंकू रायगढ़ जिले से गिरफ्तार किए गए थे। तीसरा फरार बंदी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार उम्र 19 वर्ष, साकिन पोडीबहार नीचे मोहल्ला को आज कोरबा कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिए जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि वह गिरफ्त में आने से बचने के लिए कोरबा से बाहर निकलने की तैयारी में था कि मुखबिर की सूचना के आधार पर व तकनीकी तौर पर की जा रही पतासाजी से मिले सुराग के जरिए उसे शहर छोड़ कर भागने से पहले दबोच लिया गया। चौथे आरोपी चन्द्रशेखर राठिया पिता सुरज प्रसाद राठिया उम्र 20 वर्ष, साकिन कमतरा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ की तलाश जारी है। दावा है कि वह भी देर-सबेर पकड़ लिया जाएगा। याद रहे जेल से बंदियों के फरार होने के मामले में जेल विभाग ने एक जेलर विद्यानंद सिंह व तीन प्रहरियों को निलंबित कर बिलासपुर अटैच किया है।

कोयला खदानों में जोखिम तत्व की उपस्थिति से सुरक्षा पर दिखाएं गंभीरता : सिन्हा

कोरबा। खान सुरक्षा महानिदेशक मुकेश सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा मंथन में पिछली दुर्घटनाओं का विश्लेषण करने के साथ अनुशंसाओं को लागू किया जाए। कार्य स्थल पर सुरक्षा की बेहतरी पर फोकस करने की जरूरत है।

एसईसीएल गेवरा में सुरक्षा जागरुकता पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुकेश सिन्हा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुस्कुराते हुए कार्य स्थल पर पहुंचें और इसी प्रकार घर जाएं। जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा पर ध्यान देने से इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। कार्यशाला में सीजीएम ए.के.त्यागी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि खनन क्षेत्रों में जोखिम की उपस्थिति होती है इसलिए वातावरण को सुरक्षित करना जरूरी है, जो भी लोग यहां काम कर रहे हैं उन्हें हर समय सुरक्षा को दिमाग में रखना होगा। सुरक्षा निदेशक खनन बी.भादू ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ हर एक व्यक्ति को पहचाने और उसे सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सुरक्षा संस्कृति और नियम पालन करने से दुर्घटनाओं से मुक्त क्षेत्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गेवरा खदान एसईसीएल और कोल इंडिया में नंबर-वन हैं और इसे दुनिया में इसी दर्जे पर पहुंचाना है। कार्यशाला के शुभारंभ में अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों व विभागाध्यक्षों की ओर से किया गया। इसके बाद सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। एसईसीएल बिलासपुर रीजन-1 और पश्चिम जोन नागपुर के तत्वाधान में आयोजित की गई कार्यशाला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि खदान से लेकर वर्कशॉप, स्टोर और सभी जगह सुरक्षा आवश्यक है। इसकी उपेक्षा करने का मतलब दुर्घटनाओं को न्योता देना है।

भालू के हमले में ग्रामीण घायल

कोरबा। वनमंडल कोरबा अंतर्गत लेमरू रेंज के फुटका पहाड़ क्षेत्र में जंगल की ओर गए एक ग्रामीण पर बीती रात भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल ग्रामीण के परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक घायल ग्रामीण को उपचार हेतु तत्कालिक सहायता राशि दे दी गई है।

हेमा को लगाई चपत, बनाया ज्वेलरी दुकान को निशाना

कोरबा। पोड़ीबहार निवासी हेमा साहू को 40 हजार की चपत लगाने वाली दो महिलाओं ने ज्वेलरी दुकान को निशाने पर लिया है। उनके सीसीटीवी फुटेज व्यापक स्तर पर वायरल किए गए हैं।

29 जुलाई को कोरबा में एसबीआई मेन ब्रांच में हेमा साहू के पर्स से नगद राशि पार कर दी

गई थी। बाद में इस मामले में दो महिलाओं की भूमिका सामने आई। चौकी में इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी मिली कि इसी गिरोह ने शहडोल के ज्वेलरी शॉप में 95 हजार का हार पार कर दिया। गिरोह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया गया कि गिरोह में एक पुरुष सदस्य की भूमिका भी स्पष्ट हुई है।

डिंगापुर में सुअर ने बिगाड़ा माहौल

कोरबा। यहां के डिंगापुर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा रिहायशी क्षेत्र में सुअर पाले जाने से नागरिक परेशान हैं। उन्होंने सुअरों की हरकतों से निगम व प्रशासन को अवगत कराया है। लोगों की मांग है कि फालतू काम को बंद कराया जाए।

कोल्गा में कई किसानों की फसल चौपट की हाथियों ने

कोरबा। वन विभाग द्वारा तमाम कोशिशों के बावजूद कोरबा जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में एक दिन दिन पूर्व अचानक धमके दो दंतैल हाथियों ने बीती रात तराईमार गांव में भारी उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल हाथियों ने न केवल धान की फसल को रौंद दिया बल्कि एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए उसे काफी नुकसान पहुंचाया। घर में सो रहे ग्रामीण के परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई, इस दौरान ग्रामीण काफी दहशत में रहे। कल इन दोनों हाथियों ने रेंज के कोटमर्रा गांव में भी मानकुंवर नामक महिला के घर को ढहा दिया था जिससे वह बेघर हो गई थी। यहां उत्पात मचाने के बाद दोनों दंतैल बीजाडांड के रास्ते केंदई पंडीपारा पहुंच गया और डेरा डाल दिया। कटघोरा वनमंडल के

पसान, एतमानगर व केंदई रेंज में 50 के लगभग हाथी अलग-अलग झुंडों में घूम रहे हैं जिनमें से दो दर्जन पसान रेंज में मौजूद रहकर लगातार उत्पात मचा रहे हैं।

इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व कोरबा रेंज में 50 की संख्या में हाथी तीन स्थानों पर सक्रिय है। अब तक पसरखेत रेंज के कोल्गा जंगल में डेरा डालकर उत्पात मचा रहे 25 हाथियों का दल अब कुदमुरा रेंज के चाचिया गांव पहुंच गया है। हाथियों के इस दल ने यहां पहुंचने से पहले कोल्गा गांव में उत्पात मचाते हुए एक दर्जन किसानों की धान फसल को रौंदकर तहस-नहस कर डाला है। हाथियों के उत्पात से संबंधित किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। जहां कोल्गा में मौजूद हाथियों का दल चचिया पहुंच गया वहीं कुदमुरा क्षेत्र में उत्पात मचाकर ग्रामीणों व वन विभाग के नाक में दम कर देने वाला दंतैल हाथी ने अब गुरमा का रूख कर लिया है। दंतैल ने यहां पहुंचते ही जमकर कहर ढाया और एक ग्रामीण के झोपड़ी को तहस-नहस कर दिया। कोरबा रेंज के कोरकोमा सर्किल में भी 24 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल ने गेरांव पहुंचकर 15 ग्रामीणों के फसल को उत्पात मचाते हुए मटियामेट कर दिया है। जिसका आंकलन वन अमला द्वारा किया जा रहा है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com